संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-197 रविवार,19 मई 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## अरविंद केजरीवाल ने दी पीएम मोदी को खुली चुनौती

### » मैं बीजेपी मुख्यालय आ रहा हूं, आप जिसे चाहें जेल में डाल दें,

**नई दिल्ली,18 मई 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के बीच आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के बीच तीखी तनातनी देखने को मिल रही है। शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। केजरीवाल ने कहा कि आप देख सकते हैं कि वे(प्रधानमंत्री) आम आदमी पार्टी (आप) के पीछे कैसे पड़ गए हैं। एक के बाद एक कैसे हमारे नेताओं को जेल में डाल रहे हैं। केजरीवाल ने आगे कहा कि इन लोगों ने सत्येंद्र जैन, संजय सिहं, मुझे और मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया। आज मेरे पीए को भी जेल में डाल दिया। अब यह लोग राघव चड्ढा को भी जेल में डालने की प्लानिंग में हैं। थोड़े दिन बाद सौरभ भारद्वाज और आतिशी मार्लेना को भी जेल में डाल देंगे।



### केजरीवाल ने पूछा हमारा कसूर क्या है?

प्रेस कॉन्फ्रेस में केजरीवाल ने सवालिया अंदाज में कहा कि मैं सोच में हूं कि हम सब लोगों को यह जेल में क्यों डालना चाहते हैं? हमारा कसूर क्या है? जबाव देते हुए केजरीवाल ने कहा कि हमारा कसूर सिर्फ इतना ही है कि दिल्ली की गरीब जनता के बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा,मोहल्ला क्लिनिक, फ्री दवाएं,बेहतर इलाज, 24 घंटे बिजली सप्लाई दिल्ली को उपलब्ध कराया, फ्री बिजली का इंतजाम किया।

केजरीवाल ने हाथ जोड़कर पीएम मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री को बताना चाहूंगा-आप यह जेल का खेल खेल रहे हैं। कल, मैं अपने सभी बड़े नेताओं के साथ दोपहर 12 बजे बीजेपी मुख्यालय आ रहा हूं। आप जिसे चाहें जेल में डाल सकते हैं। केजरीवाल ने यह भी कहा कि आपको (पीएम) लगता है कि आप के नेताओं को जेल में डालकर आप को क्रश कर दोगे? हम आपको बता दें कि ऐसे आम आदमी पार्टी क्रश नहीं होगी। क्योंकि आम आदमी पार्टी एक विचार है।

## संक्षिप्त खबर

### पतंजलि की 14 दवाइयों के लाइसेंस पर लगा बैन हटा




#### कमेटी की रिपोर्ट के बाद सरकार ने अपना आदेश रोका

**नई दिल्ली,18 मई 2024 (ए)।** पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी की एक दर्जन से अधिक दवाइयों के विनिर्माण लाइसेंस निलंबित किए जाने संबंधी हाल के एक आदेश के क्रियान्वयन पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी गई है।

### पाक के कब्जे वाला कश्मीर कब बनेगा भारत का हिस्सा

**नई दिल्ली,18 मई 2024 (ए)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता अक्सर यह दावा करते रहे हैं कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी भारत का हिस्सा होगा। लेकिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र के पालघर में एक सभा को संबोधित करते हुए इसकी समय सीमा भी बता दी है। आप देखना चुनाव बाद पीएम मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के अगले 6 महीने के अंदर, पाक अधिकृत कश्मीर भी भारत का हिस्सा होगा।



#### पीओके को बचाना मुश्किल

पालघर की जनसभा में सीएम योगी ने कहा, हम अपने दुश्मनों की पूजा थोड़े करेंगे। कोई हमारे लोगों को मारेगा तो हम उसको पूजेंगे नहीं, हम भी तो वही करेंगे जिसका वह हकदार है और अब वह हो रहा है। अब तो पीओके को बचाना मुश्किल हो रहा है।

## देश को मजबूत सरकार की जरूरत



### » ये चुनाव भारत को टॉप-3 में ले जाएगा...दिल्ली की रैली में पीएम मोदी...

**नई दिल्ली,18 मई 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर पूर्वी दिल्ली में एक चुनावी रैली में कहा कि देश को एक मजबूत सरकार की जरूरत, ये चुनाव भारत को टॉप-3 में ले जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे इस देश की सेवा के लिए चुना गया। पीएम मोदी ने इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की 4 पीढ़ियों ने दिल्ली पर राज किया, लेकिन आज इनमें दिल्ली की 4 सीट पर लड़ने की ताकत नहीं रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वहां भी नहीं लड़ पा रही है, जहां इनका 10 जनपथ का दरबार है।

पीएम मोदी ने कहा, 2024 का यह चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है.। देश की अर्थ व्यवस्था को उन ताकतों से बचाने के लिए है, जो अपनी आर्थिक नीतियों से भारत को दिवालिया कर देना चाहती हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के जीवन को आसान बनाने और उनके जीवन में खुशियां लाने के लिए है। गरीब और मध्यम वर्ग को उन ताकतों से बचाने के लिए है, जो उनकी संपत्ति छीन लेना चाहते हैं. भारत के युवाओं के लिए नए अवसर बनाने के लिए है।

पीएम मोदी ने कहा, यहां विकास कार्यों के बीच इंडी गठबंधन दिल्ली को बर्बाद करने में लगा है। वे दिल्ली के लोगों को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। ये लोग भ्रष्टाचार खत्म करने के नाम पर आए थे, लेकिन आज वे करोड़ों रुपये के घोटालों के कारण जेल में हैं।

### न अपने लिए जिया, न अपने लिए जन्मा मोदी

साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि मैं न अपने लिए जिया हूं और न ही अपने लिए जन्मा हूं। मैं आपके लिए, आपके बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए जी-जान से खप रहा हूं। उन्होंने कहा, 50-60 साल पहले, मैं अपना घर छोड़कर निकला था, तब मुझे भी यह पता नहीं था कि एक दिन लाल किले पर तिरंगा फहराऊंगा। तब मुझे पता नहीं था कि 140 करोड़ भारतीय मेरा परिवार बन जाएंगे। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि मैं लोकतंत्र के लिए जीता हूं. लोकतंत्र मेरी रगों में दौड़ता है.।

### जब मोदी आया तब बना वॉर मेमोरियल : मोदी

पीएम मोदी ने नेशनल वॉर मेमोरियल के निर्माण का मुद्दा उठाया और कहा कि आजादी के बाद जवान नेशनल वार मेमोरियल की मांग करते रहे, लेकिन देश का दुर्भाग्य देखिए कि जब तक मोदी नहीं आया, देश की सरकारों को देश के वीर जवानों के सम्मान में वार मेमोरियल बनाने का महत्व तक समझ नहीं आया। उन्होंने कहा कि देश में करीब 35 हजार पुलिस के जवान शहीद हुए हैं। पुलिस मेमोरियल के लिए देश के पुलिस जवानों को 70 साल इंतजार करना पड़ा। जब मोदी आया तब यह बना।

## ईडी केस में सीजेएम कोर्ट के चौथे समन पर भी हाजिर नहीं हुए हेमंत सोरेन

**रांची 18 मई 2024(ए)।** ईडी के कई समन का उल्लंघन करने के मामले में रांची के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की कोर्ट ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ संज्ञान लिया है। केस में कोर्ट की ओर से जारी चौथे समन में उन्हें शनिवार को सीजेएम कोर्ट में उपस्थित होने को कहा गया था, लेकिन हेमंत सोरेन उपस्थित नहीं हुए।सोरेन ने सीजेएम कोर्ट की ओर से लिए गए संज्ञान को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी है।



## सांसद जी आप कितने भी गुंडे भेजकर हमले करवा लें...मैं डरने वाला नहीं...

### कन्हैया ने ललकारा

**नई दिल्ली,18 मई 2024 (ए)।** उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने अपने ऊपर हुए हमले को लेकर शनिवार को चुप्पी तोड़ी। उन्होंने बिना नाम लिये ही हमले के पीछे बीजेपी उम्मीदवार मनोज तिवारी को जिम्मेदार ठहराया है। कन्हैया ने कहा कि सांसद महोदय, आप कितने भी गुंडे भेजकर मुझ पर हमले करवा लीजिए, मैं डरने वाला नहीं हूं। कुमार ने आगे यह भी कहा कि मैं गांधी जी और बाबा साहब अंबेडकर को मानने वाला हूं, मेरे अंदर शहीद भगत सिंह का साहस है। आपके डराने से मैं रुकूंगा नहीं।



## इस मंदिर में स्वयं आते हैं भगवान परशुराम

### »रात रुकने वाला बन जाता है मानसिक रोगी

**मोकामा,18 मई 2024(ए)।** इस कहानी के अनुसार एक बार एक मुगल राजा ने मंदिर के पास से गुजरते हुए ढोल की आवाज सुनी, उस समय मोकामा के परशुराम मंदिर में भक्त बाबा की पूजा में लीन थे। आवाज सुनते ही वह राजा मंदिर में गया और पूजा को आडंबर बताया। मंदिर के पुजारी ने राजा को समझाया कि, आप हमें पूजा करने दें और जो काम आप करने आए हैं वो करें।. पुजारी की बात से क्रोधित हुए राजा ने एक गाय को मंदिर के प्रांगण में ही मार दिया और कहा कि,अगर सच में ही तुम्हारा भगवान है तो वो इस गाय को जिंदा करके दिखाए। इसके बाद मंत्रों का उच्चारण करते हुए, पुजारी ने गाय पर पानी छिड़का और गाय जिंदा हो गई।

### भगवान परशुराम की परीक्षा ली, अब दंड भी सुनते जाओ

पुजारी ने कहा कि तुमने भगवान परशुराम की परीक्षा ली है इसलिए अब इसका फल भी सुनते जाओ। पुजारी ने राजा से कहा कि, जहां से तुम आये हो वह जगह नष्ट हो जाएगी। स्थानीय लोगों की मान्यता है कि, ऐसा हुआ भी. तब से लोगों की आस्था भगवान परशुराम में और भी बढ़ गई।



### रात में नहीं है मंदिर में रुकने की आज्ञा...

ऐसा माना जाता है कि,मोकामा के इस परशुराम मंदिर में किसी को भी रात के समय रुकने की इजाजत नहीं है। मान्यताओं के अनुसार रात के समय परशुराम जी मंदिर के आसपास विचरण करते हैं। रात के समय अगर इस मंदिर में कोई जाता है तो वो मानसिक रूप से विक्षिप्त हो जाता है या पूरी तरह से पागल हो जाता है,क्योंकि उसे ऐसे अनुभव होते हैं जिनकी वो कल्पना भी नहीं कर सकता। यही वजह है कि किसी को भी यहां रात के समय नहीं जाने दिया जाता।



## आपका एक वोट आपके बच्चे को दिलाएगा 10 मार्क्स ज्यादा

### इस राज्य के एक स्कूल ने की बड़ी घोषणा

**लखनऊ,18 मई 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के लिए चार चरण में मतदान हो चुका है। अब 20 मई को 5 वें चरण की वोटिंग होनी है। इसी बीच वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए लखनऊ स्थित सेंट जोसेफ स्कूल ने नया तरीका निकाला है। इस स्कूल के मैनेजर अनिल अग्रवाल ने अपने स्कूल के बच्चों के अभिभावकों और अपने शिक्षकों के परिवार सहित वोट देने पर उनको एक तोहफा देने की बात कही है।इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को 10 मार्क्स एक्स्ट्रा दिए जाएंगे, अगर उनके माता-पिता मतदान करने जाएंगे। इसके अलावा स्कूल के कर्मचारियों को वोट करने पर एक दिन की अतिरिक्त सैलरी दी जाएगी।

### कैसे मिलेंगे एक्स्ट्रा मार्क्स?

सेंट जोसेफ ग्रूप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल अग्रवाल ने कहा कि स्कूल की तरफ से दिए जाने वाले 10 अतिरिक्त अंक एक ही विषय या फिर सभी विषयों में मिलाकर दिए जा सकते हैं।

## एस्ट्राजेनेका की कोविड वैक्सीन में मिला एक और खतरनाक ब्लड क्लॉटिंग डिसऑर्डर

**नई दिल्ली,18 मई 2024 (ए)।** ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका की कोविड-19 वैक्सीन से एक और गंभीर बीमारी के खतरे का पता चला है। दरअसल एस्ट्राजेनेका की कोविड वैक्सीन में एक और खतरनाक ब्लड क्लॉटिंग डिसऑर्डर मिला है। शोधकर्ताओं का दावा है कि ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के सहयोग से बनाई गई ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मा दिग्गज एस्ट्राजेनेका की कोविड-19 वैक्सीन-प्रेरित इम्यून थ्रोम्बोसाइटोपेनिया और थ्रोम्बोसिस (वीआईटीटी) के खतरे को और अधिक बढ़ाती है वीआईटीटी एक दुर्लभ लेकिन घातक रक्त का थक्का जमने वाला विकार है। हालांकि, खून का थक्का जमाने वाला ये रेयर डिसऑर्डर (किसी-किसी को होने वाला) है, लेकिन खतरनाक है।

हालांकि यह नया नहीं है,वीआईटीटी एडेनोवायरस वेक्टर-आधारित ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका वैक्सीन के बाद एक नई बीमारी के रूप में उभरा जिसे भारत में 2021 में कोविड महामारी के चरम पर कोविशील्ड और यूरोप में वैक्सज़ेवरिया के रूप में बेचा गया। रिसर्च के अनुसार, खतरनाक ब्लड एंटीबॉडी 'प्लेटलेट फैक्टर 4' वीआईटीटी के लिए जिम्मेदार है। प्लेटलेट फैक्टर 4, प्रोटीन के खिलाफ काम करता है।




अब एक नए शोध में ऑस्ट्रेलिया में फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी और अन्य अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने पाया कि एडेनोवायरस संक्रमण से जुड़े वीआईटीटी और क्लासिक एडेनोवायरल वेक्टर वीआईटीटी दोनों में पीएफ4 एंटीबॉडी समान मॉलिक्यूलर में है। फ्लिंडर्स के प्रोफेसर टॉम गॉर्डन ने कहा कि वास्तव में इन विकारों में घातक एंटीबॉडी बनने का तरीका समान है। शोधकर्ता ने कहा कि हमारे समाधान वीआईटीटी संक्रमण के बाद रक्त के थक्के जमने के दुर्लभ मामलों पर लागू होते हैं, यह टीके के विकास पर भी काम करते हैं। इसी टीम ने 2022 के एक शोध में पीएफ4 एंटीबॉडी के मॉलिक्यूलर का पता लगाया था, साथ ही एक आनुवंशिक जोखिम की पहचान की थी।

### कोविड टीका बहुत ही दुर्लभ मामलों में बन सकता है टीटीएस का कारण बन

यह शोध एस्ट्राजेनेका की ओर से फरवरी में हाई कोर्ट में प्रस्तुत एक कानूनी दस्तावेज में स्वीकार किए जाने के बाद आया है कि इसका कोविड टीका बहुत ही दुर्लभ मामलों में थ्रोम्बोटिक थ्रोम्बोसाइटोपेनिक सिंड्रोम (टीटीएस) का कारण बन सकता है।

## दलबदलू विधायकों को कांग्रेस नहीं दिखाएगी बाहर का रास्ता

### » बीजेपी में जाने वाले विधायकों के लिए प्लान तैयार

**भोपाल,18 मई 2024(ए)।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़ने वाले विधायकों को पार्टी बाहर का रास्ता नहीं दिखाएगी। बीजेपी ज्वाइन करने वाले विधायकों के लिए कांग्रेस ने एक प्लान तैयार किया है कि दलबदलू विधायकों को पार्टी से बाहर नहीं निकाला जाएगा। पार्टी में भारी मंथन के बाद यह फैसला लिया गया है। फैसले के मुताबिक इस्तीफा नहीं देने वाले विधायकों के खिलाफ कांग्रेस सख्त रुख अपनाएगी। दलबदल कानून के तहत सदस्यता रद्द करवाने की विपक्ष की रणनीति है। जुलाई में बजट सत्र के दौरान दलबदल विधायकों के खिलाफ कांग्रेस शिकायत करेगी। विधायकों के बीजेपी में शामिल होने के सबूत के साथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष को शिकायत करेगी। विधायक रामनिवास रावत, निर्मला सप्रे और कमलेश शाह ने कांग्रेस छोड़ी है। विधायक रामनिवास रावत, निर्मला सप्रे ने विधायक पद से इस्तीफा नहीं दिया है। कांग्रेस दलबल को लेकर विधायकों की सदस्यता रद्द करने की मांग करेगी।



## चलती बस में आग लगने से 10 जिंदा जले

### » मथुरा-वृंदावन से लौट रहे थे पंजाब

**मानेसर,18 मई 2024 (ए)।** हरियाणा के नूंह जिले में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर देर रात एक टूरिस्ट बस में आग लगने से 10 यात्रियों की झुलसकर मौत हो गई। जबकि 24 घायल हुए हैं। यह हादसा देर रात करीब डेढ़ बजे हुआ। बस में सवार सभी पंजाब के रहने वाले थे, जो मथुरा-वृंदावन समेत अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा कर लौट रहे थे।

### 10 मई को यात्रा पर निकले थे लोग

घायलों में से एक सरोज पुंज ने बताया कि 10 मई को एक टूरिस्ट बस किराए पर ली गई थी। सभी बनारस और मथुरा के दर्शन के लिए निकले थे। बस में 64 लोग सवार थे। जिनमें महिलाएं-बच्चे भी शामिल थे। यह सभी नजदीकी रिश्तेदार थे, जो पंजाब के लुधियाना, होशियारपुर और चंडीगढ़ के रहने वाले थे।

वहीं, मीना ने बताया कि हम वृन्दावन से लौट रहे थे। देर रात करीब 1.30 बजे बस के पीछे से धुएं की गंध आई। एक मोटरसाइकिल सवार ने बस के पीछे आग की लपटें देखीं और उसका पीछा किया। आखिरकार वह बस तक पहुंचा और ड्राइवर को चेतावनी दी। बस को रोका गया। लेकिन तब तक आग फैल चुकी थी।



सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया ने 8 लोगों की मौत की पुष्टि की है। बताया कि हादसे में करीब दो दर्जन लोग घायल हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। मृतकों की शिनाख्त की जा रही है।

## अब भूकंप आने से पहले ही चल जायेगा पता



### » ये सैटेलाइट पहले ही बता देगा

**नई दिल्ली,18 मई 2024(ए)।** नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर राडार लॉन्च होने के बाद पूरी दुनिया को आने वाले भूकंपों के बारे में पहले सूचना देगा। क्योंकि यह टेक्टोनिक प्लेट्स के मूवमेंट पर भी नजर रखेगा। यह खुलासा इसरो प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ ने किया। उन्होंने बताया कि कैसे यह मिशन पूरी दुनिया के लिए जरूरी है।

डॉ. सोमनाथ ने बताया कि निसार टेक्टोनिक प्लेट्स के मूवमेंट को सेंटीमीटर के स्तर तक रिकॉर्ड कर पाएगा।. ज्यादा या कम मूवमेंट से पता चलेगा कि कहां और कब भूकंप आ सकता है। यह पूरी धरती को 14 से 15 दिन में कवर करेगा। इतने ही दिन बाद उसका दूसरा चक्कर लगेगा। यह दुनिया के जलस्रोतों को सटीकता से नाप पाएगा। यह भी पता चलेगा कि जलस्तर कितना कम या ज्यादा हो रहा है.निसार धरती पर पड़ने वाले पानी के दबाव, पानी के फैलाव, हरियाली और बर्फ पर नजर रखेगा। हम जलवायु परिवर्तन की वजह से होने वाले बदलावों को देख पाएंगे। उनकी स्टडी कर सकेंगे. प्राकृतिक आपदाओं की समय से पहले भविष्यवाणी कर पाएंगे।.इसरो चीफ ने बताया कि पहले इस सैटेलाइट को जुलाई में लॉन्च करने का प्लान था लेकिन इसमें देरी होगी. इसकी लॉन्चिंग साल के अंत तक होगी। लॉन्चिंग में देरी की वजह अमेरिका से हो रही है। उन्हें स्पेसक्राफ्ट में कुछ करेक्शन करने हैं. इसलिए उन्होंने उसे वापस बुला लिया है।

## संपादकीय

# भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम

भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रख्यात व सार्वजनिक हस्तियों को जिम्मेदार व्यवहार करना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि विज्ञापन जारी करने की अनुमति से पहले केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के अनुसार, विज्ञापनदाताओं से स्वघोषणापत्र हासिल किया जाए। इस कानून का नियम 7 विज्ञापन संहिता का प्रावधान करता है जिसमें कहा गया है कि विज्ञापन देश के कानूनों के अनुरूप बनाए जाने चाहिए। अदालत पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। ये विज्ञापन निषिद्ध किए जा चुके हैं।पीठ ने संबद्ध केंद्रीय मंत्रालयों को भी इन भ्रामक विज्ञापनों व केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण द्वारा की गई या प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा। प्रचार व विज्ञापन उपभोक्ता को प्रभावित करने में महती भूमिका निभाते हैं। उस पर जब यह किसी प्रख्यात या सार्वजनिक शख्सियत द्वारा किया जा रहा हो तो आम जनता को खास तौर पर प्रभावित करता है। इस मामले में तो कोविड टीकाकरण व आधुनिक चिकित्सा पण्राली को सीधा निशाना बनाया गया था जिस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने याचिका दायर की जिस पर सुनवाई चल रही है। इसमें संदेह नहीं कि लाभ के लोभ में कंपनियां भ्रामक प्रचार द्वारा सालों-साल जनता को बरगलाती रहती हैं। संबंधित मंत्रालय व विभाग इनके प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने से मुंह फेर लेते हैं। निराधार दावों, अतिरंजित बातों, छद्म दावों व अनुचित सूचना वाले तथा असुरक्षित उत्पादों से उपभोक्ताओं को प्रभावित कर रहे तमाम विज्ञापन अभी भी बेधड़क प्रकाशित/प्रचारित हो रहे हैं जो बच्चों के कोमल मन को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं, युवाओं को दिग्भ्रमित व बुजुर्गे को भ्रमित कर रहे हैं।नियमों की अवहेलना करते हुए नामदार शख्सियत धन के लोभ में इनका बेतहाशा प्रचार करती हैं जिनके आधार पर कहना ज्यादती नहीं होगा कि वे उपभोक्ताओं के अधिकारों को तरजीह देने को राजी नहीं। ऐसा सिर्फ इसीलिए हो रहा है क्योंकि समूची व्यवस्था अपनी जिम्मेदारियों के प्रति घोर लापरवाही बरतती है। बात अकेले पतंजलि की नहीं है। इसे उदाहरण मान कर संबंधित मंत्रालयों व विभागों को सतर्क हो जाना चाहिए। न कि एक-एक विज्ञापन को लेकर अदालतों का दरवाजा खटखटाने वालों के इंतजार में बैठे रहना चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट से केंद्र को लगा जोर का झटका धीरे से

**“ दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए किसी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के सामने एक साफ-साफ लकीर खींच दी है...कोर्ट ने साफ कहा कि गिरफ्तारी के वक्त पुलिस को इसका आधार लिखित तौर पर देना होगा ”**

देश की शीर्ष अदालत ने दो मामलों में केंद्र सरकार को जोर का झटका धीरे से देते हुए यह जाहिर कर दिया कि कानूनों की मनमानी व्याख्या अपनी सुविधा के हिसाब से नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट के ईडी की गिरफ्तार करने की शक्तियों को सीमित करने के साथ ही दूसरे मामले में एक वरिष्ठ पत्रकार की गिरफ्तारी को अवैध करार देने से केंद्र को यह झटका लगा है। इन दोनों मामलों में दिए गए फैसलों से बेशक केंद्र की भाजपा सरकार को व्यापक राजनीतिक नुकसान नहीं हो किन्तु इसके दूरगामी परिणाम अवश्यंभावी होंगे। परिणाम यह होगा कि ईडी अब आसानी से किसी के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं कर सकेगी। इसी तरह पुलिस खिलाफ खबर पर किसी पत्रकार को भी आसानी से गिरफ्तार नहीं कर सकेगी। ईडी की कार्रवाई में कितने कानूनी तथ्य हैं, यह देखने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अधिनस्थ अदालतों को रैफ्री की भूमिका दी है। गौरतलब है कि लंबे अर्से से विपक्षी दल केंद्रीय एजेंसियों पर भेदभाव के आरोप लगाती रहीं हैं। विपक्षी दलों का आरोप है केंद्र सरकार राजनीतिक रंजिशवश इन एजेंसियों को दुरुपयोग कर रही है। एक याचिकाकर्ता ने दिसंबर 2023 में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी थी।

याचिकाकर्ता का सवाल था कि अगर विशेष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में व्यक्ति विशेष के आरोपों को संज्ञान में ले लिया है, तो क्या तब भी उसे बेल के लिए सेक्शन 45 की दोहरी शर्तों को पूरा करना होगा। इस मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत जमानत की कड़ी शर्तों को संतुष्ट करने की जरूरत नहीं है। अगर आरोपी समन द्वारा विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है, तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। अगर अदालती समन के चलते पेश होने के बाद ईडी आरोपी की हिरासत चाहती है, तो उसे विशेष अदालत में आवेदन देना होगा। अदालत केवल उन कारणों के साथ हिरासत देगी, जो संतोषजनक हो और जिनमें हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत हो। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। बेंच ने कहा है कि अगर किसी मामले में ईडी ने किसी आरोपी को गिरफ्तार किए बिना चार्जशीट दाखिल की और अदालत ने इस पर संज्ञान लेकर उसे समन किया तो ऐसे व्यक्ति को पीएमएलए के तहत जमानत के लिए दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है।

पीएमएलए को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान 2002-03 में लाया गया था। बाद में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान 1 जुलाई, 2005 को इसे लागू किया गया। उस वक्त इस कानून को ब्लैक मनी के फ्लो को रोकने के उद्देश्य से बनाया गया था। पीएमएलए कानून के तहत सबसे पहले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सीएम मधु कोडा के



खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके बाद साल 2010 में 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कोयला घोटाला समेत कई बड़े घोटालों में इस कानून के तहत कार्रवाई हुई। फिर साल 2012 में तत्कालीन वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने इसमें संशोधन भी किया था। बीते कुछ सालों में इस एक्ट में और भी कई बदलाव किए गए हैं। ईडी की शक्तियां सीमित करने के साथ केंद्र सरकार को दूसरा झटका लगा न्यूज क्लिक के फाउंडर संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को लेकर। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद न्यूज क्लिक के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ को रिहा कर दिया गया। न्यूजक्लिक फाउंडर पुरकायस्थ को पोर्टल के माध्यम से राष्ट्र-विरोधी प्रचार को बढ़ावा देने के लिए कथित चीनी फंडिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुरकायस्थ के खिलाफ आरोप लगाया गया कि न्यूजक्लिक को चीन के पक्ष में प्रचार के लिए कथित तौर पर धन मिला था। देश की सबसे बड़ी अदालत ने यूएपीए मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को गलत माना। कोर्ट का यह फैसला अपने आप में एक नजीर है। इसका असर आने वाले दिनों में दूसरे फैसलों पर भी दिख सकता है।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए किसी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के सामने एक साफ-साफ लकीर खींच दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि गिरफ्तारी के वक्त पुलिस को इसका आधार लिखित तौर पर देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 20,21 और 22 के तहत सबसे अटूट मौलिक अधिकार है। इसे भी किसी तरह नजरअंदाज या अनदेखा नहीं किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट की कही इस बात का स्पष्ट संदेश है कि हर नागरिक के लिए जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार की अपनी विशेष अहमियत है। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूएपीए या अन्य कानून के तहत किसी भी शख्स की गिरफ्तारी से पहले अब पुलिस को पहले लिखित में ये बताना जरूरी होगा कि उसकी गिरफ्तारी किस आधार पर की जा रही है। इसके लिए लिखित में भी सूचित करना होगा। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ये भी साफ कर दिया है कि किसी भी इंसान के लिए कानूनी कार्रवाई एक जैसी होनी चाहिए और उसे किसी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी के ऐसे लिखित आधारों की एक कॉपी गिरफ्तार किए गए शख्स को बिना किसी अपवाद के जल्द से जल्द दी जानी चाहिए। कोर्ट की इस टिप्पणी से ये साफ हो गया कि गिरफ्तार शख्स को हर हाल में जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिखित आधारों की एक कॉपी मिलनी चाहिए, ताकि उसे अपने खिलाफ हो रही कार्रवाई की पूरी जानकारी हो। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई झिझक नहीं है कि लिखित रूप में गिरफ्तारी के लिए रिमांड कॉपी नहीं दी गई, जिसके चलते गिरफ्तारी अवैध है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने जो कहा उससे इस बात की रिमांड की कॉपी ना मिलने पर गिरफ्तारी को भी अवैध साबित किया जा सकता है। कोर्ट ने मौलिक अधिकार पर अतिक्रमण करने के किसी भी प्रयास को अस्वीकार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार, संविधान के अनुच्छेद 20, 21 और 22 द्वारा ऐसे मौलिक अधिकार का उल्लंघन करने के किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटना होगा। कोर्ट की इस टिप्पणी से भी साफ हो रहा है कि अगर ऐसा होता है तो उसे इंसान के मौलिक अधिकार का हनन माना जाएगा। फैसला लिखते हुए, न्यायमूर्ति मेहता ने कहा कि पुरकायस्थ की गिरफ्तारी, उसके बाद पिछले साल 4 अक्टूबर का रिमांड आदेश और दिल्ली उच्च न्यायालय का 15 अक्टूबर का रिमांड को वैध करने का आदेश, कानून के विपरीत था और इसलिए इसे रद्द कर दिया गया। इस मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूएपीए या अन्य अपराधों के आरोप में गिरफ्तार किए गए किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में लिखित रूप में सूचित किया जाना मौलिक और वैधानिक अधिकार है। किसी को भी ऐसे ही नहीं उठा सकते।

सुप्रीम कोर्ट के इन दोनों आदेशों से स्पष्ट है कि पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां आंख बंद करके कोई कार्रवाई नहीं कर सकेंगी। न्यूज क्लिक के फाउंडर की गिरफ्तारी के अवैध करार देने से यह भी साफ हो गया है कि सरकार विरोधी खबरें लिखने-दिखाने पर राजनीतिक दल सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल दुर्भावनावश नहीं कर सकती। शीर्ष कोर्ट के इस फैसले से निश्चित तौर पर प्रेस की आजादी से एक बड़ा डर समाप्त हो गया है।

**-योगेन्द्र योगी-**

# डर दिखा कर चुनाव जीतने की रणनीति से किसे लाभ

जब चुनाव शुरू हुआ था, तब राहुल गांधी जाति आधारित आरक्षण के अपने एजेंडे पर चल रहे थे। भले ही उन्हें नेहरू, इंदिरा और राजीव गांधी के जाति आधारित जनगणना नहीं करवाने के निर्णयों से जुड़े तीखे सवालों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन पहले चरण की वोटिंग तक राहुल अपने एजेंडे से टस से मस नहीं हुए थे।

राहुल गांधी को लगता था कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उतनी उसकी हिस्सेदारी का नारा दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को प्रभावित कर रहा है। बल्कि उसमें बाद में उन्होंने देश के हर नागरिक की सम्पत्ति का सर्वेक्षण करवाने का मुद्दा भी जोड़ दिया था। लेकिन पहले चरण की वोटिंग के बाद ही जब भाजपा इन दोनों मुद्दों पर हमलावर हुई तो कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने पर लोकतंत्र खत्म होने और संविधान बदलने का डर दिखाना शुरू कर दिया।

जब पहले चरण की वोटिंग कम हुई थी, जिसका अर्थ यह निकल रहा था कि भाजपा को पहले चरण की वोटिंग में कुछ नुकसान उठाना पड़ा है, तब होना तो यह चाहिए था कि विपक्ष अपने एजेंडे को और जोरदार ढंग से उठाता। वह कह सकता था कि हम सत्ता में आएंगे तो सुप्रीमकोर्ट से लड़ कर हर किसी को उसकी आबादी के अनुपात में शिक्षा और नौकरी का आरक्षण दिलाएंगे। लेकिन विपक्ष ने मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के नतीजों का डर दिखाना शुरू कर दिया कि मोदी इसलिए 400 सीटें मांग रहे हैं क्योंकि वह आरक्षण खत्म करना चाहते हैं।

जहां तक लोकतंत्र के खत्म होने और आख़िरी चुनाव होने का डर दिखाने की बयानबाजी थी, उसका समाज के किसी वर्ग पर कोई असर नहीं पड़ रहा था, इसलिए नरेंद्र मोदी ने उस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। संविधान बदल कर उसमें से सेक्यूलर शब्द हटाने का डर भी समाज में कोई असर नहीं डाल रहा था, इसलिए नरेंद्र मोदी उस पर भी नहीं बोले।

लेकिन जब संविधान से आरक्षण हटाने की बात की जाने लगी, तो मोदी और शाह को लगा कि विपक्ष का यह प्रचार भाजपा को नुकसान पहुंचा सकता है। क्योंकि अतीत में आरएसएस और भाजपा के कुछ लोगों की ओर से भी जाति आधारित आरक्षण खत्म करके आर्थिक आधार पर आरक्षण की वकालत होती रही थी। संघ और भाजपा नेताओं के पुराने बयान दलितों, आदिवासियों और ओबीसी में भ्रम पैदा करने में कारगर साबित हो सकते थे, इसलिए नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने संविधान और आरक्षण पर अपना स्टैंड क्लीयर किया। मोदी ने कहा कि वह तो क्या डॉक्टर आम्बेडकर भी संविधान को नहीं बदल सकते। अमित शाह ने कहा कि आरक्षण कम करने या खत्म करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। अलबत्ता मोदी और शाह ने आरक्षण के मुद्दे पर यह कह कर उलटे कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया कि अगर वह सत्ता में आ गई तो दलितों और आदिवासियों के कोटे से धर्म परिवर्तन करके मुसलमान और ईसाई बनने वालों को आरक्षण दे देगी। साथ ही उसी तरह देश के सारे मुसलमानों को ओबीसी कैटेगरी में शामिल करके हिन्दुओं को मिलने वाले आरक्षण का हक मार लेगी। विपक्ष ने दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को आरक्षण खत्म करने का डर दिखा कर मोदी और शाह को बचाव मुद्रा में ला दिया था, लेकिन अरविन्द केजरीवाल ने अपने भीतर का डर जाहिर करके इंडी एलायंस के लिए सेल्फ गोल कर लिया। जो बात उन्होंने दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस में कही थी, उसे लखनऊ में अखिलेश यादव के साथ प्रेस कांफ्रेंस में भी दोहरा दिया कि मोदी प्रधानमंत्री बनने के कुछ महीनों के अंदर ही योगी आदित्यानाथ को मुख्यमंत्री पद से हटा देंगे। इसका मतलब यह हुआ कि वह जनता को डर दिखा रहे हैं कि जिस योगी आदित्यनाथ ने यूपी से माफिया राज और गुंडागर्दी खत्म की, जनता के उस प्रिय मुख्यमंत्री को मोदी हटा देंगे। इस का मतलब यह भी है कि अखिलेश यादव के साथ बैठ कर उन्होंने योगी आदित्यनाथ का समर्थन और तारीफ़ की है। दूसरी बात केजरीवाल ने यह कही कि मोदी 75 साल की आयु पूरी होते ही प्रधानमंत्री की कुर्सी अमित शाह को दे देंगे। तो अपने इस बयान से भी वह जनता को डराना चाह रहे हैं कि मोदी वोट तो अपने लिए मांग रहे हैं, लेकिन वह अमित शाह को पीएम बना देंगे। इसका अर्थ यह निकलता है कि जनता में मोदी की अपील का असर है और उनकी अपील पर भाजपा तीसरी बार जीतने जा रही है। इसका तीसरा अर्थ यह निकलता है कि उन्हें मोदी से ज्यादा अमित शाह से डर है कि जिस तरह पहली बार गृहमंत्री बनते ही उन्होंने 370 को निपटाया था, उसी तरह दूसरी बार गृहमंत्री बनते ही दिल्ली विधानसभा पर ही तलवार न चला दें, जो पिछले 25 साल से भाजपा के गले की हड्डी बनी हुई है। पहले 1998 से 2013 तक कांग्रेस जीतती रही और 2013 से आम आदमी पार्टी जीत रही है। मोदी और शाह ने बचाव में ही सही दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को डर दिखाया है कि कांग्रेस सत्ता में आई तो उनके आरक्षण का कोटा वह मुसलमानों को दे देगी। यह बात इन तीनों वर्गों के गले उतरनी स्वाभाविक है। इसके साथ ही चुनाव हिन्दू-मुस्लिम ध्रुवीकरण के पुराने एजेंडे पर लौट आया है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के भाषणों में खुलेआम हिन्दुओं को विपक्ष के मुस्लिम एजेंडे का डर दिखाया जाने लगा है। चौथे चरण तक उत्तर प्रदेश की सिर्फ 26 और पश्चिम बंगाल की सिर्फ 16 सीटों पर चुनाव हुआ था, उत्तर प्रदेश की 54 और बंगाल की 26 सीटों पर चुनाव बाकी है। चौथे चरण की वोटिंग आते आते हिन्दू मुस्लिम ध्रुवीकरण तेज हो गया, जो इन दोनों ही राज्यों में बहुत मायने रखता है। पांचवें चरण की वोटिंग से पहले दो बड़ी बातें हुई हैं। पहली बात तो यह हुई है कि बीच चुनाव में केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन क़ानून को लागू करके पाकिस्तान से आए कुछ हिन्दुओं को नागरिकता के प्रमाण पत्र बांट दिए। इससे भाजपा ने बांग्लादेश से आकर पश्चिम बंगाल में बसे हिन्दुओं को संदेश दे दिया है कि केंद्र में मोदी सरकार बनते ही उन्हें भी नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। ममता बनर्जी ताल ठोक कर कह रही हैं कि जब तक नागरिकता संशोधन क़ानून में मुसलमानों को शामिल नहीं किया जाता, वह मौजूदा नागरिकता संशोधन क़ानून लागू नहीं होने देंगीं। जबकि अमित शाह ताल ठोक कर कह रहे हैं कि संसद के बनाए क़ानून को कोई राज्य सरकार नहीं रोक सकती। दूसरी बात यह हुई है कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार शुरू करते ही मथुरा और ज्ञानवापी का मुद्दा उठा दिया है। हालांकि अब तक मथुरा और काशी भारतीय जनता पार्टी के एजेंडे पर नहीं थे, लेकिन हेमंत बिस्व सरमा ने उन दोनों मन्दिरों को भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा बता कर उत्तर प्रदेश के यादव और ब्राह्मण वोट बैंक को साफ़ संदेश दिया है कि केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद सरकार इन दोनों मन्दिरों को मुक्त करवाने का काम शुरू करेगी। भले ही हल्के से लेकिन अमित शाह ने भी मथुरा और काशी का मुद्दा उठाया है। इसके अलावा पांचवें दौर की वोटिंग से पहले नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, एस.जयशंकर और हेमंत बिस्व सरमा ने एक साथ पाक अधिकृत कश्मीर को वापस लेने का राग अलापना शुरू कर दिया है। यह एक ऐसा मौक़ा है जब पाक अधिकृत कश्मीर में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ लगभग उसी तरह की बगावत शुरू हो चुकी है, जैसे 1970 में मौजूदा बांग्लादेश में पाकिस्तान के खिलाफ बगावत शुरू हुई थी और शेख मुजीबुर रहमान की रहनुमाई में मुक्ति वाहिनी ने पाकिस्तान के खिलाफ संघर्ष शुरू कर दिया था। जब पूर्वी पाकिस्तान के नागरिक सीमा पार करके भारत में घुस रहे थे, इंदिरा गांधी के आदेश पर भारतीय फ़ौज ने हमला करके पाकिस्तानी सेना को घुटने पर ला दिया था। अब उसी तरह के हालात पाक अधिकृत कश्मीर में बन रहे हैं, और वहां आज़ादी के नारे लगने शुरू हो गए हैं। कश्मीर सभी भारतीयों लेकिन खासकर उत्तर भारतीयों के लिए भावनात्मक मुद्दा है, जिसे मोदी सरकार ने जोर शोर से उठाना शुरू कर दिया है। इस पर फारूख अब्दुल्ला का यह बयान ईडी एलायंस के गले की हड्डी बन गया है कि पाकिस्तान ने कोई चूड़ियां नहीं पहन रखीं। उनका यह बयान पाकिस्तान की पैरवी करने वाला है।

**-अजय सेतिया-**

# देश को दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो

चुनावी मौसम में वेद शास्त्रों और आचार्य चाणक्य के राष्ट्रपरक नीति वचन की याद आना लाजिमी है जिसमें कहा गया है कि जनता ऐसे दूरदर्शी, त्यागी, नीतिवान और चरित्रवान व्यक्ति का चुनाव करे जिसमें देश को बेहतरी की तरफ ले जाने और दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो।एक नागरिक का कर्तव्य अपने देश के प्रति कैसा होना चाहिए? इस पर चाणक्य का कहना है, कर्तव्य को विवेक से करना नीतिवान मनुष्य का प्रथम कर्तव्य है। चाणक्य इसी संदर्भ में कहते हैं-भली प्रकार सोच-विचार कर या अवसर को पहचानने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए। पांच साल के बाद जनता को अवसर मिलता है कि निवर्तमान सरकार के कायरे, नीतियों और निर्णयों का बेहतर मूल्यांकन कर नई सरकार के लिए बगैर किसी लालच खूब सोच-समझ कर अपना मत दे यानी ईवीएम का बटन दबाए। तमाम तरह के सर्वे समझाने की कोशिश करते रहे हैं कि आम चुनाव में भी क्षेत्रीय मुद्दे और जात-पात की मानसिकता हावी है। हम मतदाता अपने नागरिक कर्त्तव्यों को बेहतर सोच और परिणाम के साथ निभाने में हमेशा पीछे रहते हैं, वरना क्या वजह है कि दुनिया के तमाम देशों में जहां सरकार बनाने के लिए अस्सी-नब्बे प्रतिशत मतदान होता है वहीं भारत में पचास या साठ के आसपास। ताजा सर्वेक्षण तस्दीक करते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के बनिस्बत महंगाई और बेरोजगारी को तरजीह दी जा रही है यानी आतंक, धारा 370, समान नागरिक संहिता (कानून), विदेशी घुसपैठ जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे ज्यादातर लोगों के लिए अहमियत नहीं रखते यानी राष्ट्र प्रथम के ऊपर महंगाई और बेरोजगारी भारी पड़ रही है।बेहतर शासन की कवायद की जगह आरक्षण और संविधान बचाने के सब्जबाग लोगों को शायद ज्यादा अपील कर रहे हैं। ऐसा है तो भारत जैसे राष्ट्रीय गौरव-गरिमा और सांस्कृतिक चेतना की पहचान रखने वाले देश के लिए चिंता की बात मानी जाएगी क्योंकि न तो निवर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है, और न संविधान ही बदला जाएगा। यह एनडीए के घोषणापत्र में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। राजनीति के जानकारों की मानें तो यह भी हो सकता है कि कुछ लोगों के निहित स्वार्थ केंद्र और राज्य सरकार चुनते समय राष्ट्रीय मुद्दों से दूर रखने का कार्य कर रहे हों। लोग अपने जातिगत, मजहबगत और क्षेत्रगत भावनाओं से ऊपर निकलना न चाह रहे हों यानी व्यक्तिगत निहित स्वार्थ न पूरा हो पाने के कारण बहुत छोटे-मोटे मनमुटाव मतदान से दूर हों, या गर्मी की वजह भी लोगों को मतदान करने में रुकावट पैदा कर रही हो। दरअसल, राष्ट्रवादी भावना का उद्वेग भारत में खास मौकों पर ही देखा जाता है।

आजादी के बाद पिछले 76 वर्षो में राष्ट्र प्रथम के कर्तव्यबोध का संचार सतत राष्ट्र जागरण के तौर पर हुआ ही नहीं। जैसे दुनिया के तमाम देशों में हुआ। यही वजह है कि राष्ट्रभाषा, राष्ट्र सुरक्षा, राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रहित पर केंद्रित चुनाव हुए ही नहीं। देश-दुनिया में जैसी भारत की साख है, उस पर केंद्रित राष्ट्रीय अस्मिता और राष्ट्र चेतना से ताल्लुक रखने वाले मुद्दे अब न नारों में सुनाई पड़ते हैं, और न दलों के चुनावी घोषणापत्रों में। हां, खुद को राष्ट्रवादी दल कहने वाले दलों के चुनावी घोषणापत्र में इस पर चर्चा जरूर शामिल है। व्यक्ति, परिवार और जाति-मजहब केंद्रित दलों की स्वार्थवादी सोच ने भारत की साख, शक्ति और अस्मिता के सवालों को कभी तवज्जो दी ही नहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि व्यक्तिगत हितसाधन और महज आत्म-केंद्रित क्षुद्र स्वाथरे की ही पूर्ति होती रही।

**-अखिलेश आर्येन्दु-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# महिला सुरक्षा जरुरी है राजनीति नहीं

आए दिनों खबरों में स्वाति मालीवाल की चर्चा खूब हो रही है और आम आदमी पार्टी के लिए किसी सदमे से



संजय गोस्वामी
मुंबई, महाराष्ट्र

कम नहीं क्योंकि अभी तो दो ही पार्टी सुर्खियों में है। एक इंडि गठबंधन और बीजेपी जब से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से निकले नहीं की इंडि गठबंधन की कमान ले लिए और जब सोनियाजी को लगा क़ोई अगला प्रधानमंत्री का दावेदार ना हो जाए उसने रायबरेली की चुनावी सभा में अपने सुपुत्र राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री के बनाने का एक इशारा कर दी ताकि जगह अब पक्की कर दें। बीजेपी को एक अच्छा मुद्दा मिला जिसे भुनाने में क़ोई कसर नहीं छोड़ेगी। दिल्ली में राम लीला हमेशा बड़े धूमधाम से होता है एक बार दोनों में से क़ोई देख तो लिया होता कि नारी का भगवान श्री राम कितना सम्मान करते हैं। नारी शक्ति ही असल में पार्टी की बुनियाद रखेगी क्योंकि नारी की रक्षा करना सभी का दायित्व है उसके साथ सही में बुरा हुआ ऐ टीवी में देखने को मिला और यही बाद में एक एक अलग ही मुद्दा साबित होगा जो सब को हैरान कर देगा। महिलाओ के अपमान के कारण हीं भगवान राम ने रावण का वध किया। महाभारत में भगवान श्री कृष्ण ने कौरवो का नाश करवाया । अतः यदि सही है तो सीसीटीवी फुटेज देने में क्या परेशानी है। केजरीवाल जी अखिलेश जी के साथ उस प्रश्न पर क्यों सहम गए मै किसी पार्टी को पक्ष या विपक्ष में नहीं कह रहा बल्कि आगे की राजनीति में महिलाओ की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है। बीजेपी ने जब बृजभूषण सरण सिंह पर चुप थी तो कर्नाटका हाथ से फिसल गया और बाद में जब समझ आया तो उससे दुरी बनाई अब इसमें राजनीति है या नहीं ऐ तो कोर्ट के फैसला से मालूम होगा। लेकिन यदि स्वाति मालीवाल के साथ सही में ऐसी घटना घटी है तो दोषी को अवश्य हीं सजा देनी चाहिए। देश के विकास में महिलाओं का महत्त्व और अधिकार के बारे में समाज में जागरुकता लाने के लिये मातृ दिवस, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आदि जैसे कई सारे कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं। महिलाओं को कई क्षेत्र में विकास की जरुरत है। बहुत पहले हमारे स्कूल मारवाड़ी हाई स्कूल जिला लेवल से पास करते हुए दिल्ली राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली में 1984 में तुलसी जयंती के अवसर पर एक भव्य नाटक का आयोजन किया गया जिसमें तत्कालीन शिक्षा मंत्री भी आए थे । उसका भाग था राम केवट संबाद जिसमें मुझे राम का रोल मिला और एक मित्र को केवट का हालांकि सभी हमारे मित्र थे जब श्री राम जी अयोध्या से जाते हैं तो मंत्री सुमंत उन्हें मना करते हैं। तभी राम कहते हैं रघुकुल रित सदा चली आयी प्राण जाए पर, बचन ना जाए इस तरह नदी पार कराने केवट आते हैं जो सदियों से इंतजार कर रहें थे ।उसके बाद जो लिखा है उसीतरह का बोल प्रस्तुत होते हैं, उस समय नाटक कराने वाले स्व सुकदेव जी ने एक ऐसे दृश्य को पटल .पर रखा जो बहुत कठिन था। पूर्व जन्म में भगवान विष्णु और कछुए का समुद्र में दृश्य उसे बनाने में अच्छा रकम भी खर्च हुआ और उस सेट को सजाने में कई लोग बाहर से बुलाये गए। सभी ने पूछा सर ऐ तो सिर्फ 1मिनट का है इसमें इतना टाइम क्यों दिया जा रहा है उन्होंने कहा फिल्मों में एक सेट को बनाने पर भी बहुत खर्च होता है। और जब केवट पुराना याद राम को दिलाता है । पर्दा बंद होता है और भगवान विष्णु का कछुए का रूप सामने आता है । दर्शक तालियों से पूरा ऑडिटोरियम गूंज जाता है और कछुए को भी बहुत ही छोटे बच्चे ने गजब का करतब दिखाया और भगवान विष्णु के रूप में वही उनकी दो उभरी हुई भुजाओं में एक गदा या गदा और एक चक्र है। उनके निचले हाथों में शंख और बीज तथा अजगर पर लेटे हुए जैसे जैसे कछुवा उनके चरणों के समीप जाता है वैसे वैसे भगवान विष्णु अपना पाँव ऊपर कर लेते (उसमें पैर दबाते हुए माता लक्ष्मी ) इस दृश्य को देखकर दर्शक ने खूब ताली बजाया और कछुए को प्रथम पुरस्कार मिला केवट जो यहाँ पाँव धोने से हिचकिचाहट होती थी उसने पूरा धो डाला । नाटक गजब का रहा और सुबह ही पेपर में मेन पृष्ठ पर छपा मिला मुझे व केवट को द्वितीय पुरस्कार मिला। अभी भी वो पल याद है जब केवट भगवान श्री राम का सबसे बड़ा स्नेही था जय श्री राम केवट संबाद उसमें अवश्य ही भगवान श्री राम केवट की धर्म पत्नी व भारत में, महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाली उन सभी राक्षसी सोच को मारना जरुरी है। जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा,यौन हिंसा,असमानता, भ्रूण हत्या,महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, वैश्यावृति,मानव तस्करी और ऐसे ही दूसरे विषय।आज के आधुनिक समय में महिला सशक्तिकरण एक विशेष चर्चा का विषय है। हमारे आदि ग्रंथों में नारी के महत्त्व को मानते हुए यहाँ तक बताया गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता- अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते है। लेकिन विडम्बना तो देखिए नारी में इतनी शक्ति होने के बावजूद भी उसके सशक्तिकरण की अत्यंत आवश्यकता महसूस हो रही है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का अर्थ उनके आर्थिक फैसलों, आय, संपत्ति और दूसरे वस्तुओं की उपलब्धता से है, इन सुविधाओं को पाकर ही वह अपने सामाजिक स्तर को ऊँचा कर सकती हैं। अपने देश में उच्च स्तर की लैंगिक असमानता है। जहाँ महिलाएँ अपने परिवार के साथ ही बाहरी समाज के भी बुरे बर्ताव से पीड़ित है। भारत में अनपढ़ो की संख्या में महिलाएँ सबसे अव्वल है। नारी सशक्तिकरण का असली अर्थ तब समझ में आयेगा जब भारत में उन्हें अच्छी शिक्षा दी जाएगी और उन्हें इस काबिल बनाया जाएगा कि वो हर क्षेत्र में स्वतंत्र है। ऐ शास्त्र में लिखा है कि दानवो के नाश करने के लिए दुर्गा माँ को देवता ने मिलकर बनाया और माता ने जब रूप धारण किया तो महिषासुर जैसे राकक्ष का वध किया। 2020 में एनडीए की सरकार इसलिए बनी क्योंकि महिलाओ का काफ़ी वोट पड़ा जिसमें प्रधानमंत्री जी ने जंगलराज के बारे में बताया था। अतः उस समय महिलाओ के साथ बदसलूकी की काफ़ी घटना मिलती थी। ऐसे में महिला एक साइंलेन वोटर के रूप में उभरी थी और उसमें पुरुषो के भी वोट पड़े थे क्योंकि उनकी भी बहन बेटियां हैं जो फ्री के लालच में नहीं सुरक्षा देखती है। इसमें केजरीवाल जी को कुछ तो बोलना और उचित कार्यवाही करनी चाहिए । जहाँ तक सीएम से एप्यटमेंट की बात है वो तो पहले कहते थे हमें कुछ नहीं चाहिए। हम आम आदमी है किसी से मिल लेंगे कुछ नहीं रखेंगे और देश की रक्षा करेंगे जब आप एक महिला के ऊपर हुए अत्याचार पर चुप है तो शक गहराता है। अतः ऐ चुनाव में महिलाओ को बिलकुल नजरअंदाज ना करें। उसका सम्मान करें और सही बात से अवगत कराएँ.महिला सुरक्षा जरुरी है राजनीती नहीं क़ोई आएगा तो क़ोई जायेगा लेकिन देश में महिलाओ का सम्मान होना चाहिए।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## संघर्ष



श्याम सुंदर साहू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

संघर्ष करते हुए निरंतर बढ़ते जाएं।
सफलता की सीढ़ी पर चढ़ते जाएं।।
हवा के बगैर पत्ता भी नही हिलता।
बिना संघर्ष के कुछ नहीं मिलता।।
संघर्ष कर हम होते निरंतर सफल।
जीवन में मिले हर समस्या का हल।।
लक्ष्य को पाने जो करता है संघर्ष।
उनके जीवन में सदा रहता है हर्ष।।
संघर्ष करने से जो सदा घबराता।
जीवन में उनको संकट घेर लेता।।
किस्मत के भरोसे कभी मत रहना।
संघर्ष का दामन तुम सदा थामना।।
जीवन में कई संघर्ष कर आगे बढ़ो।
कांटो पर चलकर भविष्य को गढ़ो।
संघर्ष करने से हम होते सदा मजबूत।
परिश्रम का एक मात्र यही है सबूत।।
कहे 'श्याम' सदा तुम करो संघर्ष।
समझौता छोड़ करो विचार विमर्श।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# पानी व शौचालय की गंभीर समस्या...विधायक पहुंचे अस्पताल

– संवाददाता –
अंबिकापुर,18 मई 2024
(घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पानी व शोचालय की गंभीर समस्या बनी हुई है। शनिवार को अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल मेडिकल कॉलज अस्पताल पहुंचे और डीन व एमएस सहित अन्य चिकित्सकों से अस्पताल की समस्याओं पर चर्चा की। पानी की समस्या को लेकर अस्पताल प्रबंधन ने अवगत कराया गया अस्पताल परिसर में बोर सक्सेस नहीं है। कई बोर कराए गए पर पानी की समस्या दूर नहीं हो पा रही है। फिल्हाल नगर निगम से टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है। वहीं विधायक ने कहा है कि इसके लिए अमृत मिशन से जोडक़र अस्पताल परिसर में पानी की समस्या दूर कराई जाएगी। वहीं मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शौशाचल की स्थिति भी अच्छी नहीं है। इस पर भी चर्चा की गई। इस समस्या को भी दूर करने सीजीएमएससी के माध्यम से दूर कराने कार्ययोजना बनाई जाएगी। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने बताया कि बैठक में सीजीएमएससी के अधिकारी भी उपस्थिति थे। अस्पताल में शौचालय की समस्या से अवगत कराया गया है। इसे दूर करने के लिए पहल की जाएगी। एनएमसी में शौचालय का पाइप बड़े साइज का लगाया जाएगा। बैठक के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, सहित अस्पताल के एमएस व चिकित्सक,स्टाफ शामिल रहे।



### कतार लगाने की जरूरत नहीं,आभा ऐप से करा सकते हैं रजिस्ट्रेशन

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आने वाले मरीजों को अब कतार लगाने की जरूरत नहीं है। अस्पताल में आने वाले मरीजों को मोबाइल से ही ओपीडी पर्ची की आनलाईन सुविधा आभा ऐप से मिलेगा। मरीजों को एप की वजह से अस्पताल आने के बाद उपचार पूर्व होने वाले समय की बर्बादी से मुक्ति मिल सकेगी। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पिछले कई दिनों से आभा एप का लाभ दिया जाना प्रारंभ किया गया है। मरीज या परिजन घर बैठे ही मोबाइल ऐप (आभा) के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं या फिर इसके लिए इस ऐप के क्यूआर कोड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आभा ऐप का उपयोग कोई भी स्मार्ट मोबाइल धारक कर सकता है। ऐप या क्यूआर कोड के माध्यम से रजिस्टर्ड ऑप्शन में जाकर अपना मोबाइल नंबर और आधार कार्ड नंबर दर्ज कर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद ओटीपी सत्यापन होगा और उपयोगकर्ता को अपना नाम, लिंग, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर व ईमेल का विवरण देना होगा। इस ऐप से संबंधित क्यूआर कोड जिला अस्पताल में चस्पा किया गया है। जिला अस्पताल में शुक्रवार को आभा ऐप से 170 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। वहीं शनिवार को भी 150 से अधिक मरीजों ने एप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराकर पर्ची कटाने के लिए घंटों लाइन लगने से बचे।

## दवाई की कमी से टीबी मरीज परेशान,जिले में 700 केस सक्रिय

एक तरफ सरकार द्वारा टीबी मुक्त जिला व राज्य बनाने के लिए अभियान चलाया जा रही है। वहीं दूसरी तरफ टीबी के मरीजों को दवाइयां न मिलने के कारण टीबी के मरीजों की न सिर्फ संख्या बढ़ रही है, बल्कि उन्हें परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। हालांकि टीबी उन्मूलन में लगे अधिकारी दवाइयां न सिर्फ उपलब्ध कराने की बात कह रहे हैं। बल्कि लगातार मरीजों की पहचान कर उनके इलाज का दावा भी कर रहे हैं। दरसअल, छत्तीसगढ़ के सरगुजा में टीबी के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा देखने को मिल रहीं हैं। वहीं दूसरी ओर टीबी के मरीजों को छः माह तक मिलने वाली टीबी की दवाइयां भी शोर्टेज होने के कारण मरीजों को पूरा डोज नहीं मिल पा रहीं है। आपको बता दें कि सरगुजा जिले में वर्तमान में टीबी के कुल 700 मरीजों का ईलाज जारी है। सरगुजा के जिला क्षय उन्मूलन केंद्र प्रभारी डॉक्टर शैलेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि सरगुजा को टीवी मुक्त बनाने के लिए लगातार जिले में अनेकों अभियान चलाकर टीबी के मरीजों की पहचान की जा रहीं है और उनका ट्रीटमेंट किया जा रहा है।

# दूसरे की जमीन दिखाकर दो लोगों से 11 लाख की ठगी,आरोपी गिरफ्तार

– संवाददाता –
अंबिकापुर,18 मई 2024
(घटती-घटना)।

दूसरे की जमीन दिखाकर दो लोगों से 11 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को गांधीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार मो. मुख्तार अंसारी रिंगरोड चोपड़ापारा का रहने वाला है। ग्राम अजिरमा निवासी अखिलेश शुक्ला ने भूमि खसरा नंबर 798 /1 रकबा 0.110 को अपने कब्जे की बताकर उक्त जमीन को विक्रय करने के लिए मुख्तार अंसारी से 10.50 लाख रुपए में रजिस्ट्री एग्रीमेंट किया था। इसी बीच अखिलेश शुक्ला ने उसी जमीन को दूसरे को दिखाकर 50 हजार रुपए में रजिस्ट्री एग्रीमेंट कर दिया। वहीं रजिस्ट्री के दौरान रजिस्टार द्वारा रजिस्ट्री खारिज कर दिया गया। इस दौरान बताया मुख्तार अंसारी को बताया गया कि उक्त जमीन सुखरी निवासी शत्रुधन यादव व अन्य का होना बताया। आरोपी अखिलेश शुक्ला ने मुख्तार अंसारी व एक अन्य व्यक्ति को दूसरे की जमीन दिखाकर 11 लाख रुपए ठगी कर ली। मामले की रिपोर्ट मुख्तार अंसारी ने गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी अखिलेश शुक्ला (48) निवासी केदारपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक अश्वनी सिंह, उप निरीक्षक रश्मि सिंह,महिला प्रधान आरक्षक राधा यादव,आरक्षक देवेंद्र पाठक अनिल पैकरा,अनिल सिंह परिहार शामिल रहे।



# 55 वाहन चालकों से वसूले गए 44 हजार 850 रुपए समन शुल्क

– संवाददाता –
अंबिकापुर,18 मई 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करने वाले 14 लोगों पर कार्रवाई की गई है। वहीं 55 मामलों में 44 हजार 850 रुपए समन शुल्क वसूले गए हैं।

शुक्रवार को कार्रवाई के दौरान मोबाइल से बात करने वाले 14 वाहन चालकों से 42 सौ रुपये, मौके पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने वाले 18 वाहन चालकों से 54 सौ, खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले 8 वाहन चालकों से 19 हजार, दोपहिया वाहन में तीन सवारी वाहन चालन करने के मामले में 2 प्रकरण दर्ज कर 1 हजार रुपये समन शुल्क वसूले गए हैं। वहीं यातयात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों से कुल 8 मामलों में 19 हजार समन शुल्क वसूले गए हैं। इस तरह कुल 55 मामले में कुल 44 हजार 850 रुपए समन शुल्क वसूले गए हैं।



# एसईसीएल प्रबंधक पुलिस और राजस्व अधिकारियों के समझाइए व आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने कोयला परिवहन किया बहाल





– संवाददाता –
लखनपुर,18 मई 2024
(घटती-घटना)।

लखनपुर विकासखंड के अंतर्गत अमरा खुली खदान के कोयला परिवहन कर रहे वाहनों को ग्राम पंचायत सिंगीटाना के सरपंच सहित ग्रामीणों के द्वारा जर्जर सड़क होने के कारण उड़ते धूल के गुब्बारे से परेशान होकर दिन शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे से कोयला परिवहन को पुरी तरह से किया था बंद जिसे लेकर एसईसीएल प्रबंधन के जी एम और सब एरिया मैनेजर व स्थानीय राजस्व विभाग के तहसीलदार थाना प्रभारी सहित ग्रामीणों के बीच मध्यस्थ बैठक की गई जिसमें मुख्य रूप से ग्रामीणों की मांग थी कि जर्जर सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हैं उनको जल्द से जल्द गिट्टी और मुरम से भरा जाए जिससे आम राहगीरों को भी आगमन हो सके और किसी प्रकार की दुर्घटनाएं ना हो जिसे लेकर एसईसीएल प्रबंधन के जी एम तिवारी ने सोमवार को गड्ढे में गिट्टी और मुररूम व नवीन सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया गया, सड़क में उड़ते धूल से निजात के लिए एक पानी के टैंकर को लगाया जाएगा जो समय-समय पर पांव का छिड़काव किया जाएगा जिससे आसपास की ग्रामीणों को धूल से निजात मिल सके इन मुख्य मांगों को पूरा करने का आश्वासन के बाद सिंगीटाना के सरपंच पति सहित ग्रामीणों ने आज दिन शनिवार को कोयला परिवहन बहाल किया ।



# चोरी के मामले मे मिली सफलता,2021 से मामले मे फरार आरोपी पकड़ाया

## थाना कोतवाली पुलिस टीम मामले मे कार्यवाही करते हुए आरोपी कों किया गया गिरफ्तार

» **सरगुजा पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध लगातार हो रही सख्ती से कार्यवाही**

– संवाददाता –
अंबिकापुर,18 मई 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त संदेहियो/आरोपियों की लगातार धरपकड़ जारी हैं, इसी क्रम मे मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थी गोरेलाल तिवारी सा. जनपदपारा केदारपुर अम्बिकापुर द्वारा 26/02/21 कों थाना कोतवाली आकर रिर्पोट दर्ज कराया कि प्रार्थी का नाति प्रियांशु तिवारी बैकुण्ठपुर कोरिया जेल से छूटने के बाद प्रार्थी के घर शराब पिकर आया और इससे मोबाईल खरीदने के लिए पैसा मांगा तो प्रार्थी द्वारा मना कर दिया गया तो प्रियांशु तिवारी शराब के नशे में अंदर कमरे में जाकर आलमारी तोड़ कर 2-3 हजार रूपये व मोबाईल को चोरी कर रहा था जो आवाज़ आने पर प्रार्थी द्वारा अन्दर जाकर देखने पर प्रार्थी का नाती पैसा और मोबाइल की चोरी कर रहा था, प्रार्थी द्वारा अपने नाती कों चोरी करता देखकर डाटा गया तो प्रियांशु तिवारी वाद विवाद करने लगा अन्य लोगो द्वारा बीच बचाव करने के दौरान प्रियांशु तिवारी मौका देखकर भाग गया, मामले मे प्रार्थी के रिर्पोट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 230/21 धारा 457, 380 भा.दवि. का अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल निरीक्षण कर प्रार्थी व अन्य साक्षीयो का कथन लेकर मामले के आरोपी का लगातार पता तलाश किया जा रहा था किन्तु लम्बे समय से आरोपी घटना दिवस से अपने निवास में नहीं रह रहा था, लुक छिप कर रह रहा था कि मुखबीर सूचना पर प्रकरण के आरोपी की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम प्रियांशु तिवारी उम्र 26 वर्ष साकिन कुडेली बाजारपारा थाना पटना जिला कोरिया का होना बताया, आरोपी से घटना ग्रके सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया एवं चोरी किये मोबाईल को तोडकर फेंकना व पैसा को खर्च करना बताया हैं, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे बस स्टैंड सहायता केन्द्र प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय,आरक्षक मंटू गुप्ता,संजय तिवारी शामिल रहे।



# दो घरों में लाखों की चोरी,जांच में जुटी पुलिस

– संवाददाता –
अंबिकापुर,18 मई 2024
(घटती-घटना)।

कोतवाली क्षेत्र के तकिया रोड में दो घरों में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने सूने मकान का ताला तोडक़र 30 हजार नकदी सहित चार लाख रुपए मूल्य के अधिक के जेवरात पार कर दिया है। वहीं दूसरे घर से 14 हजार रुपए नकदी सहित 50 हजार रुपए की चोरी बताई जा रही है। दोनों मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार समर बहादुर जायसवाल तकिया रोड का रहने वाला है। स्कूल में बच्चों की गर्मी की छुट्टी होने के कारण परिवार के सभी सदस्य अपने मूल निवासी धंधापुर राजपुर 3 अप्रैल को गए थे। घर में ताला बंद था। 17 मई की शाम को समर बहादुर वापस अपने घर तकिया आया तो पता चला की घर का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर अलमारी में रखे 30 हजार रुपए नकदी सहित दो नग सोने की हार, 6 नग अंगूठी व अन्य कई सोने चांदी के जेवारात व कपड़ा, बर्तन नहीं थे। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। वहीं दूसरी मामला तकिया का ही है। सुमन राम 16 मई को एक महिला रिश्तेदार इसके घर आई थी। गर्मी के कारण सुमन राम पूरे परिवार के साथ घर के बाहर सोया था। वहीं महिला रिश्तेदार घर के अंदर थी। इसी बीच अज्ञात चोर ने घर के अंदर घुसकर अलमारी में रखे 14 हजार नगदी सहित सोने-चांदी का जेवरात पार कर दिया है।





# शराब पीकर वाहन चलाने वाले 2 लोगों पर मोटर व्हीकल एक्ट की हुई कार्रवाई

– संवाददाता –
अंबिकापुर,18 मई 2024
(घटती-घटना)।

शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में पुलिस ने दो वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार गांधीनगर पुलिस शुक्रवार को मनेन्द्रगढ़ रोड में वाहनों की जांच कर रही थी। पिकअप क्रमांक यूपी 64बीटी 3651 का चालक काफी तेज व खतरनाक तरीके से वाहन चला रहा था। पुलिस ने उसे रोकर पूछताछ की तो अपना नाम प्रकाश राजवाड़े उम्र 32 वर्ष निवासी कुंजनगर थाना जयनगर बताया। जो कि शराब के नशे में था। वहीं दूसरे ममाले में कार क्रमांक सीजी 10 एक्स 8299 का चालक पौलूस कुजूर (57) वर्ष निवासी बैंकर्स कॉलोनी थाना गांधीनगर शराब के नशे में था और वह काफी तेज व खतरनाक तरीके से वाहन चला रहा था। पुलिस ने दोनों मामले में वाहन चालकों पर धारा 184, 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# दो दिवसीय गतका प्रशिक्षण शिविर में सरगुजा के रेफरी एवं खिलाड़ी हुए शामिल



– संवाददाता –
अंबिकापुर,18 मई 2024
(घटती-घटना)।

गतका एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर जिले में 2 दिवसीय खिलाड़ी, रेफरी और कोच प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सरगुजा जिले के खिलाडियों के विकास के लिए एक नए गतका का प्रशिक्षण बहुत जरूरी है, इस प्रशिक्षण शिविर को लेने के लिए गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव बलजिंदर सिंह रायपुर पहुंचेंगे। इसमें सरगुजा जिले से रेफरी व कोच प्रशिक्षण के लिए कृष्णा एक्का, रजत सिंह,खुशबू गुप्ता और रागनी अगरिया एवं खिलाडियों में अभिषेक, आयुष,सृष्टि,अलका, रीमा,नंदिता,सुजाता, सरिता,काशिश,नैन्सी शामिल होंगे। कोच रजत सिंह ने बताया कि इस खेल का सीनियर नेशनल चैंपियनशिप, खेलो इंडिया और नेशनल गेम्स 2024-25 का आयोजन आने वाले दिन में होने वाली है। आगामी दिनों में होने वाले खेल को देखते हुए यह प्रशिक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है।

CMYK

किर्गिस्तान में छात्रों पर हमला

# विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को घर में रहने की दी सलाह...हेल्पलाइन नंबर जारी

**बिश्केक,18 मई 2024।** किर्गिस्तान की राजधानी में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को निशाना बनाया जा रहा है। इस पर भारत ने चिंता जाहिर करते हुए भारतीय छात्रों को सतर्क रहने के लिए कहा है। इसके साथ ही किर्गिस्तान स्थित भारतीय दूतावास ने भारत ने शनिवार को छात्रों को घर के अंदर ही रहने की सलाह दी है। गौरतलब है कि करीब 14,500 भारतीय छात्र किर्गिस्तान में रहते हैं।

### किर्गिस्तान ने बताया- नियंत्रण में है स्थिति

घटना पर किर्गिज विदेश मंत्रालय ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने घटना में शामिल व्यक्तियों विदेशी नागरिकों और किर्गिज नागरिकों को हिरासत में लेने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं। स्थिति नियंत्रण में है। हिंसा में किसी भी विदेशी नागरिक के घायल होने की जानकारी नहीं मिली है।


### विदेश मंत्री ने कहा- छात्रों के कल्याण के लिए निगरानी रख रहे हैं



दिन में किर्गिस्तान में स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर ट्वीट करके बताया कि हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं। स्थिति शांत है। बावजूद इसके एहतियात के तौर पर छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे फिलहाल घर के अंदर ही रहें। किसी भी आपात स्थिति में दूतावास से संपर्क करें। हमारा 24-7 संपर्क नंबर 0555710041 है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दूतावास के पोस्ट को शेयर किया। साथ ही उन्होंने कहा कि बिश्केक में भारतीय छात्रों के कल्याण की निगरानी की जा रही है।

पाकिस्तान ने भी जताई चिंता

इसके अलावा, पाकिस्तान ने भी भारत की तरह ही अपने छात्रों को निर्देश दिया है कि वे घर के अंदर ही रहें। पाकिस्तानी मिशन की मानें तो बिश्केक में मेडिकल विश्वविद्यालयों के कुछ छात्रावासों पर हमला किया गया है, जिसमें भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान के छात्र रहते हैं। पाकिस्तान के दूतावास ने अपनी एडवाइजरी में कहा कि 13 मई को किर्गिज और मिस्र के छात्रों के बीच लड़ाई हो गई। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो के कारण हिंसा और भड़क गई। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बिश्केक की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बिश्केक में पदस्थ राजदूत को छात्रों को सभी आवश्यक सहायता और सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।



# कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ के आगे फिर फैलाए हाथ

## छह बिलियन डॉलर की मदद मांगी

**इस्लामाबाद,18 मई 2024 ।** कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से छह बिलियन डॉलर की मदद की गुहार लगाई है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान द्वारा नए बेलआउट पैकेज के लिए आईएमएफ के अधिकारियों के साथ बातचीत की जाएगी।

### आईएमएफ से मांगी छह बिलियन डॉलर की मदद

बताया गया है कि आईएमएफ की एक टीम बेलआउट पैकेज के बारे में बातचीत करने के लिए पाकिस्तान पहुंच गई है। पाकिस्तान ने आईएमएफ से करीब छह बिलियन डॉलर की आर्थिक मदद मांगी है। अगर बातचीत सफल रहती है तो यह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा पाकिस्तान को दिया जाने वाला चौबीसवां बेलआउट पैकेज होगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की संचार निदेशक जूली कोजैक का कहना है कि फिलहाल नाथन पोर्टर की अध्यक्षता में एक टीम को पाकिस्तान भेजा गया है और इस सप्ताह बेलआउट पैकेज के संबंध में वहां मौजूद अधिकारियों से बातचीत की जाएगी।

### पाकिस्तान पहुंची आईएमएफ की टीम

पाकिस्तान के लिए आईएमएफ की स्थानीय प्रतिनिधि एस्तेर पेरेज रुइज का कहना है कि इस बातचीत का उद्देश्य अधिक समावेशी और लचीले आर्थिक विकास की नींव रखना है, जिससे पाकिस्तान को फायदा मिलेगा। बताया गया है कि आईएमएफ की टीम पाकिस्तान में अगले दस दिनों तक रुक सकती है। इस टीम द्वारा अलग अलग विभागों से डेटा लिया जाएगा। इसके अलावा वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ वित्त वर्ष 2025 के आगामी बजट पर भी चर्चा की जाएगी। एक स्थानीय न्यूज रिपोर्ट के अनुसार यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि आईएमएफ की टीम और पाकिस्तान के अधिकारियों के बीच वार्ता सफल रहेगी या नहीं। बता दें कि राजकोषीय घाटे से जूझ रहे पाकिस्तान के आर्थिक हालात कुछ ठीक नहीं है।

# विश्वविद्यालय में तलवार लेकर घूमता दिखा शख्स

## हंगामे के बीच भारी संख्या में पहुंचा सशस्त्र बल...



**लंदन,18 मई 2024।** ब्रिटेन के मैनचेस्टर मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को हंगामा खड़ा हो गया। खबर मिली थी कि एक शख्स तलवार लेकर विश्वविद्यालय के सिटी सेंटर में खड़ा है। इस पर ही बवाल मच गया। फिर क्या था एक के बाद एक पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंचने लगी। सशस्त्र इकाइयों समेत बड़ी संख्या में पुलिस पहुंची। बाद में पता चला कि सभी को गलतफहमी हुई थी।

तलवार लेकर घूमता दिखा छात्र

दरअसल,एक छात्र नकली तलवार से थिएटर में रिहर्सल कर रहा था। वह अचानक तलवार लेकर बाहर आ गया। वहां मौजूद एक शख्स ने चिंता जताते हुए पुलिस को शिकायत दे दी। तत्परता दिखाते हुए भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची।

ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस (जीएमपी) के प्रवक्ता ने बताया, आज सुबह ग्रॉसवेनर स्ट्रीट पर एक इमारत में हथियारबंद अधिकारियों को बुलाया गया, क्योंकि खबर मिली थी कि एक पुरुष तलवार लेकर खड़ा है। बाद में अधिकारियों को पता चला कि तलवार नकली थी। उसे लकड़ी से बनाया हुआ था। इसे महज नाटक के लिए बनाया गया था।

### मामला सुलझाया

अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही पता चल गया था कि तलवार लकड़ी की है। गलतफहमी के चलते सूचना दी गई। पुलिस और विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मचारियों के बीच इस मुद्दे को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया।

### पिछले महीने किया था एक शख्स ने हमला

गौरतलब है, पिछले महीने की अंत में ब्रिटेन की राजधानी लंदन के हैनॉल्ट इलाके के पास 36 साल के युवक ने लोगों पर तलवार से हमला कर दिया था। हमले में 13 साल के एक लड़के की मौत हो गई थी। चार लोग घायल हुए थे, इनमें दो पुलिस अधिकारी शामिल थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

मैट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया था कि लोकल समय के मुताबिक सुबह सात बजे पुलिस को थर्लो गॉर्डन इलाके में एक गाड़ी के घर में घुसने की सूचना मिली थी। साथ ही यह भी बताया गया था कि शख्स ने कई लोगों पर हमला किया है।

# किर्गिस्तान में हिंसा:तीन पाकिस्तानी छात्रों की हत्या

**बिश्केक,18 मई 2024।** मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान में मेडिकल की पढ़ाई करने गए भारतीय और पाकिस्तानी छात्रों की जान खतरे में पड़ गई है। दरअसल किर्गिस्तान से खबर आई है कि वहां स्थानीय लोगों ने तीन पाकिस्तानी छात्रों को पीट-पीटकर मार डाला। स्थानीय लोग अन्य पाकिस्तानी छात्रों को भी निशाना बना रहे हैं। चूंकि भारतीय और पाकिस्तानी दिखने में एक जैसे लगते हैं, इसलिए भारतीय छात्रों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। ऐसे हालात में भारतीय विदेश मंत्रालय ने किर्गिस्तान में रहने वाले भारतीय छात्रों के लिए एडवाइजरी जारी की है और उन्हें घरों के भीतर ही रहने की सलाह दी है।



### क्या है हिंसा भड़कने की वजह

किर्गिस्तान में पाकिस्तानी छात्रों के खिलाफ हिंसा भड़कने की वजह का अभी पता नहीं चल सका है, लेकिन सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियोज में दावा किया जा रहा है कि कुछ मिस्त्र और अरब के छात्रों का स्थानीय लोगों से झगड़ा हुआ था और अरब के छात्रों ने स्थानीय लोगों से मारपीट कर दी थी। दावा किया जा रहा है कि इसका आरोप पाकिस्तानी छात्रों पर लगा और स्थानीय लोग पाकिस्तानी छात्रों पर टूट पड़े। स्थानीय लोगों के हमले में तीन पाकिस्तानी छात्रों की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। कई अन्य छात्रों को भी निशाना बनाया गया है। स्थानीय लोगों ने छात्रों के हॉस्टल पर हमला किया और वहां मिले छात्रों को पीटा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस हॉस्टल पर हमला हुआ, उसमें कई भारतीय और बांग्लादेशी छात्र भी रहते हैं। ऐसे में इन छात्रों के लिए भी खतरा है।

### भारतीय विदेश मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि हम भारतीय छात्रों के संपर्क में हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे घरों के अंदर ही रहें और कोई भी समस्या होने पर दूतावास से संपर्क करें। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने भी किर्गिस्तान के हालात पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा कि हम भारतीय छात्रों की भलाई के लिए बिश्केक में हालात पर नजर रखे हुए हैं। हालात फिलहाल नियंत्रण में है। हालांकि भारतीय छात्रों को फिलहाल घरों के अंदर ही रहने की सलाह दी जाती है और दूतावास के संपर्क में रहें।

# ब्रिटेन में अरबपतियों की संख्या में आ रही कमी,फिर भी पीएम सुनक की बढ़ी रईसी...कैसे हो रहा इजाफा

**लंदन,18 मई 2024।** ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति की रईसी बढ़ती जा रही है। दो साल पहले वार्षिक संडे टाइम्स रिच सूची में पहली बार ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी ने जगह बनाई थी। 2024 में इस सूची में वे और ऊपर पहुंच गए हैं। रैंकिंग में उछाल की वजह उनकी कंपनी इन्फोसिस है। सुनक और अक्षता की संपत्ति में पिछले एक साल में 12 करोड़ पाउड से अधिक की वृद्धि हुई है। ऐसे में इनकी संपत्ति अब 65.1 करोड़ पाउंड हो गई है।

चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों के बीच भी सुनक और मूर्ति की संपत्ति में वृद्धि दर्ज की गई। पिछले वर्ष इनकी संपत्ति 52.9 करोड़ पाउंड थी। अब यह दंपती 65.1 करोड़ पाउंड की अनुमानित संपत्ति के साथ सूची में पिछले साल के 275वें पायदान से चढ़कर 245वें स्थान पर पहुंच गया है। इसके साथ ही वे ब्रिटिश प्रधानमंत्री आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट को अपना घर कहने वाले सबसे धनी लोग बन गए हैं।



### अक्षता मूर्ति की कमाई पति से ज्यादा

ऐसा कहा जाता है कि अक्षता मूर्ति की कमाई उनके पति से कहीं अधिक है। कारण है कि फरवरी में प्रकाशित वित्तीय विवरणों के हवाले से कहा गया है कि सुनक ने 2022-23 में 22 लाख ब्रिटिश पाउंड की कमाई की। जबकि पिछले वर्ष मूर्ति ने लाभांश के रूप में एक अनुमान के अनुसार 1.3 करोड़ पाउंड कमाए।

### इस कंपनी को सारा श्रेय

इस साल की वृद्धि का श्रेय काफी हद तक इन्फोसिस में मूर्ति की हिस्सेदारी को दिया जा सकता है। इन्फोसिस बंगलूरू स्थित आईटी कंपनी है, जिसकी सह-स्थापना अक्षता के पिता नारायण मूर्ति ने की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इन्फोसिस में मूर्ति के शेयरों की कीमत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह एक साल की अवधि के भीतर 10.88 करोड़ पाउंड बढ़कर लगभग 59 करोड़ पाउंड हो गया है। हालांकि, यह ध्यान देने वाली बात है कि दंपती की वर्तमान संपत्ति अभी भी साल 2022 से कम है। उस समय करीब 73 करोड़ पाउड़ तक संपत्ति पहुंच गई थी।

किंग चार्ल्स की संपत्ति भी बढ़ी

संडे टाइम्स रिच सूची में सिर्फ सुनक और मूर्ति ने ही छलांग नहीं मारी है, बल्कि किंग चार्ल्स की संपत्ति में भी वृद्धि दर्ज की गई है।पिछले एक साल में संपत्ति 60 करोड़ पाउंड से 61 करोड़ पाउंड हो गई है।


### अरबपतियों की संख्या में कमी

इन व्यक्तिगत सफलताओं के बावजूद, ब्रिटिश अरबपतियों का बोलबाला कम होता दिख रहा है। ब्रिटेन में अरबपतियों की संख्या में लगातार तीसरे साल कमी आई है। साल 2022 में 177 के शिखर से गिरकर चालू वर्ष में 165 हो गई है। इस कमी के लिए कई कारणों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। जैसे- कुछ व्यक्तियों ने भारी उधार के चलते संपत्ति खो दी या कोई अन्य देश में चला गया।

# अमेरिका ने भारतीय मतदाताओं की सराहना

## कहा- दुनिया में इससे ज्यादा जीवंत लोकतंत्र नहीं

**वॉशिंगटन,18 मई 2024।** भारत में लोकसभा चुनाव के चार चरण संपन्न हो चुके हैं। पांचवें चरण का मतदान 20 मई को होगा। चुनाव एक जून को सातवें चरण के साथ संपन्न हो जाएगा। इसके नतीजे चार जून को आएंगे। इस बीच, अमेरिका ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए भारत के लोगों की सराहना की। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र नहीं हैं।




### मतदान करने की क्षमता पर यह कहा

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी एक संवाददाता सम्मेलन में भारत में चल रहे चुनावों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि विश्व में भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र नहीं हैं। हम भारत के लोगों की मतदान करने की उनकी क्षमता और उनकी भविष्य की सरकार में आवाज उठाने के लिए सराहना करते हैं। निश्चित रूप से हम पूरी प्रक्रिया के सही ढंग से होने की कामना करते हैं।

### भारत में मतदाताओं की संख्या

कुल 96.8 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं।

इनमें 47.1 करोड़ महिलाएं और 49.7 करोड़ पुरुष हैं।

इनमें 1.89 करोड़ लोग पहली बार मतदान देंगे।

इसमें 88.4 लाख दिव्यांग, 82 लाख 85 साल से अधिक की उम्र के और 48 हजार ट्रांसजेंटर शामिल हैं।

85 साल से अधिक की उम्र के लोगों के लिए घर से वोट करने की सुविधा की गई है।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत-अमेरिका संबंध मजबूत हुए

एक अन्य सवाल के जवाब में किर्बी ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत हुए हैं। खासतौर पर बाइडन प्रशासन के पिछले तीन वर्षों के दौरान रिश्तों में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ हमारे संबंध बेहद करीबी हैं और भी पास होते जा रहे हैं।

### नई पहलों की शुरुआत की

उन्होंने कहा, आपने इसे राजकीय यात्रा (पिछली यात्रा) में देखा। हमने सभी प्रकार की नई पहलों की शुरुआत की। महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों पर एक साथ काम कर रहे हैं। साथ ही इंडो पैसिफिक क्वाड की प्रासंगिकता को मजबूत कर रहे हैं, जिसका निश्चित रूप से भारत एक हिस्सा है। इतना ही नहीं, बल्कि दोनों देशों के लोगों के बीच आदान-प्रदान होता है और भारत के साथ हम सेना साझा करते हैं।

व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, यह एक बहुत ही सक्रिय साझेदारी है। हम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के लिए आभारी हैं।

### भारत और जापान जेनोफोबिक देश?

जब उनसे पूछा गया कि क्या राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है कि भारत और जापान जेनोफोबिक देश हैं, तो उन्होंने नहीं जवाब दिया। किर्बी ने कहा कि राष्ट्रपति हाल ही में एक अलग और बड़ी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा, मेरा मतलब है कि राष्ट्रपति अमेरिका में हमारे अपने लोकतंत्र और यह कितना समावेशी व भागीदारी वाला है, इस पर बात कर रहे थे।



# सर्प दंश से 6 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत मृत करैत सांप को लेकर परिजन पहुंचे अस्पताल

**- संवाददाता - लखनपुर,18 मई 2024 (घटती-घटना)।**

लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शोयदा में घर की परछी में सोए 6 वर्षीय मासूम बच्ची की सांप काटने से मौत हो गई। परिजन बच्ची सहित मृत सांप को लेकर अस्पताल पहुंचे सांप को देखकर लोग हैरान रह गए। बच्ची की मौत के बाद परिवारजनों में शोक का माहौल व्याप्त है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम शोयदा निवासी रामसिंह रजक अपने पूरे परिवार के साथ घर की परछी में चटाई बिछाकर सोये थे। शुक्रवार की रात लगभग 12 बजे 6 वर्षीय आनंदी रजक चिल्लाने लगी जिसके बाद उसके पिता ने उठकर देखा कि करैत सांप बच्ची के गले में लिपटा हुआ है। किसी तरह सांप को गले से निकल गया और बच्ची को उपचार हेतु लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। परिजनों द्वारा लखनपुर थाना पहुंच घटना की सूचना दी लखनपुर पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपूर्द किया तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। वहीं परिजन शनिवार की सुबह मृत करैत सांप को लेकर लखनपुर अस्पताल पहुंचे। सांप को देखने लोगो की भीड़ लग गई ।



# क्या बदलेगा प्रदेश की विष्णुदेव सरकार के मंत्रिमंडल का चेहरा?

## यदि होता है फेरबदल तो सरगुजा संभाग भी होगा प्रभावित

## आखिर प्रदेश का कौन मंत्री हुआ है ट्रेपिंग का शिकार,चर्चा ज़ुबान पर ?

## लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद गिर सकती है कुछेक मंत्रियों पर गाज





-विशेष संवाददाता-
सरगुजा/रायपुर,18 मई 2024
(घटती-घटना)।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत सभी चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है,सत्ता दल के नेता इन दिनों अलग-अलग प्रदेशों में चुनाव की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं तो वहीं अब सुगबुगाहट मिल रही है कि चुनाव परिणाम के बाद प्रदेश मंत्रिमंडल का चेहरा भी बदलेगा,कुछ मंत्री जो सरकार की किरकिरी करा रहे हैं उन्हे बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा तो वहीं कुछ अनुभवी विधायकों को मंत्री पद दिया जाएगा। इस बीच यह भी खबर मिल रही है कि इस फेरबदल में सरगुजा संभाग में भी असर देखने को मिलेगा,जैसी जनचर्चा है कि प्रदेश का एक मंत्री लोकसभा चुनाव के ठीक पहले लेनदेन के एक मामले में ट्रेप हो चुका है और उसे भी बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा क्योंकि टेपिंग का वीडियों केन्द्रीय नेतृत्व के पास पहुंच गया है लोगे के द्वारा यह लगाया जा रहा है कि आखिरकार यह मंत्री कौन है।

### 1 पद पर नियुक्ति है बाकी,1 और होगा रिक्त,और हटेंगे कितने

प्रदेश में 90 विधानसभा सीटे हैं उस लिहाज से कुल 13 मंत्री बनाये जा सकते हैं, प्रदेश में मुख्यमंत्री समेत कुल 12 मंत्री अभी कार्यरत हैं। मंत्री का 1 पद पहले से ही रिक्त रखा गया था,जिसे लोकसभा चुनाव में विधायकों के परफार्मेंश के बाद नियुक्त करने की खबरें आ रही थीं, तो वहीं मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़ाया गया है। जाहिर सी बात है बृजमोहन अग्रवाल जैसे अनुभवी नेता जीत नही बल्कि मतों के अंतर के लिए मेहनत कर रहे थे,और परिणाम भी उनके पक्ष में आएगा इसकी पूरी संभावना है। वे चुनाव जीतते हैं तो मंत्रिमंडल में 1 पद और रिक्त हो जाएगा,इसके बाद जैसी संभावना है और जनचर्चा भी है कुछ नए मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है,क्योंकि प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार लोकसभा चुनाव के लिहाज से किया गया था लेकिन कुछेक नए नवेले मंत्री केन्द्रीय नेतृत्व के भरोसे पर कायम नही रह सके और काफी कम समय में ही वे संभावित पहले फेरबदल के पहले नेतृत्व का विश्वास खो चुके हैं ऐसे में संभावना है कि मंत्रिमंडल से 3 मंत्रियों की छुट्टी की जा सकती है,ऐसे में वे 3 कौन मंत्री होंगे इसकी चर्चा ने भाजपा के भीतरखाने में जोर पकड़ लिया है।

### क्या सच में ट्रेप हुआ है प्रदेश का एक मंत्री ?

प्रदेश में भाजपा सरकार का एक मंत्री लोकसभा चुनाव के ठीक पहले ट्रेप भी हुआ है हलांकि इसकी पुष्टि घटती-घटना अखबार बिल्कुल नही करता,फिर भी जो खबरे लोकसभा चुनाव के पहले मिल रही थी उसकी माने तो राजधानी के एक आलिशान होटल में एक अहम विभाग के मंत्री को लेनदेन की सेटिंग करते हुए ट्रेप किया गया है। बतलाया जाता है कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में विभाग में हुए कामकाज का भुगतान संबधित सप्लायर का बकाया हुआ था,उस राशि के भुगतान के लिए एक मंत्री को होटल में बुलाया गया था जहां पूर्व निर्धारित योजना के तहत कैमरे लगा कर रखे गए थे,राशि भुगतान के लिए 1.5 करोड़ में मामला सेट होने की बात हुई थी और यह सारी बातचीत कैमरे में कैप्चर हो चुकी है। बतलाया तो यह भी जाता है कि केन्द्रीय नेतृत्व के ईशारे पर ही यह ट्रेपिंग कराई गई थी और देश के एक प्रभावशाली नेता के बेटे के कंपनी या उनके परिचितों का यह मामला है। चुकि बात उस दौरान लोकसभा चुनाव की थी इसलिए प्रदेश नेतृत्व ने भी बात को दबा दिया था अब एक बार फिर चुनाव संपन्न होने को है तथा परिणाम के बाद इसकी चर्चा फिर होगी इसकी संभावना व्यक्त की जा रही है।

**सिर्फ औपचारिकता निभाते दिखे थे कुछ मंत्री और विधायक-** लोकसभा चुनाव में केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने मंत्री और विधायकों को लोकसभा सीट जीताने की जिम्मेदारी दी थी, और इस लिहाज से उन्हे मंत्री भी बनाया गया था लेकिन देखने में मिला कि कई विधायक और कुछेक मंत्री सिर्फ औपचारिकता निभाने का काम कर रहे थे। विधायक और मंत्रियों ने जितनी मेहनत अपने चुनाव में किया था उसका आधा मेहनत भी लोकसभा चुनाव में नही किया है। कई विधायक तो दोपहर बाद घर से निकला करते थे आधा समय चुनाव एवं भाजपा कार्यालयों में बिताकर औपचारिकता निभाया जा रहा था। मंत्री विधायको के सुस्त चुनाव प्रचार का असर भी परिणाम में पड़ेगा ऐसी संभावना जताई जा रही है।

**फेरबदल में सरगुजा भी होगा प्रभावित-** ऐसी जनचर्चा है कि प्रदेश में यदि मंत्रिमंडल फेरबदल होता है तो इसका असर सरगुजा संभाग पर भी पड़ेगा। वर्तमान में सरगुजा संभाग से तीन मंत्री हैं साथ ही मुख्यमंत्री भी अलग। सरगुजा संभाग से वर्तमान में रामविचार नेताम,लक्ष्मी राजवाड़े और श्यामबिहारी जायसवाल मंत्री हैं लेकिन बतलाया जाता है कि इनमें से कुछ पर गाज गिर सकती है। साथ ही उनके स्थान पर अन्य विधायकों को मौका मिल सकता है। लोकसभा चुनाव में किस मंत्री और विधायक ने कितना काम किया है, इन सभी का रिपोर्ट केन्द्रीय नेतृत्व के पास है और उसी आधार पर मंत्रीमंडल में इनका स्थान तय होगा।

# एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में दिखी भारी अनियमितता

## तय समय से विलंब से आरंभ हो सकी परीक्षा



परीक्षा केंद्र के बाहर देर तक परेशान रहे परीक्षार्थी एवं पालक...ओएमआर सीट भी बंटा विलंब से...

-रवि सिंह-
कोरिया,18 मई 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले में एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में भारी अनियमितता देखी गई। शनिवार को आयोजित परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय में कुछ गिने चुने ही केंद्र बनाए गए थे वहीं परीक्षा का आयोजन सही तरीके से कर पाने में विभाग असफल रहा।

बता दें की एकलव्य आवासीय विद्यालय में अनुसूचित जनजाति छात्र छात्राओं को आवासीय सुविधा प्रदान करते हुए हायर सेकंडरी तक की शिक्षा प्रदान की जाती है और जिसके लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है उसी क्रम में शनिवार दिनांक 18 मई को जिले में प्रवेश परीक्षा आयोजित थी। परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय में गिने चुने ही केंद्र बनाए गए थे जहां परीक्षा का आयोजन होना था वहीं परीक्षा के लिए समय भी तय था जिसमे परीक्षा कक्ष में प्रवेश से लेकर ओएमआर सीट वितरण तक का समय तय था लेकिन जब परीक्षार्थी अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचे तब उन्हे भारी अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। परीक्षार्थियों के अभिभावकों की माने तो परीक्षा आयोजन की जिम्मेदारी सम्हाल रहे जिम्मेदार अपने काम में असफल साबित हुए और परीक्षार्थी को ओएमआर सीट भी तय समय से देर से मिल सका। ओएमआर सीट भरने का निश्चित समय 9:30 का था जबकि ओएमआर सीट भरने का काम 10 बजे शुरू हो सका। इस बीच अभिभावक अपने बच्चों के साथ काफी परेशान रहे। जिले में एकलव्य विद्यालयों की संख्या जिला विभाजन के बाद एक रह गई है जो सोनहत में है और उसी के लिए परीक्षा का आयोजन था।

### पटना थाने में दिया गया ज्ञापन, कार्यवाही की मांग, कार्यकर्ताओं का कहना आहत हुई है हमारी भावनाएं

# भाजपा की युवा टीम ने दर्ज कराई कांग्रेस नेता के खिलाफ शिकायत

-संवाददाता-
कोरिया,18 मई 2024
(घटती-घटना)।

कांग्रेस नेता द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया में की गई टिप्पणी के विरोध में भाजपा की युवा इकाई ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की है,भाजयुमो कार्यकर्ता पीएम के खिलाफ टिप्पणी से आहत हैं और उन्होंने इसकी निंदा भी की है।



उल्लेखनीय है कि शिवपुर चरचा के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजीत लकड़ा ने सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुरुद्वारे में सेवा करते हुए फोटो डाली थी और आपत्तिजनक शब्दो का प्रयोग किया था। इस खबर को घटती-घटना अखबार ने प्रमुखता से उठाया था जिसके बाद ब्लॉक अध्यक्ष ने पोस्ट को एडिट भी किया। प्रधानमंत्री के खिलाफ किए गए पोस्ट पर कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ता भी अनर्गल शब्दो के साथ कमेंट कर रहे थे। उसके बाद मामले को संज्ञान में लेते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा पटना इकाई ने थाने में शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। भारतीय जनता युवा मोर्चा इकाई पटना के अध्यक्ष प्रवेंद सिंह ने पटना थाना प्रभारी को शिकायत पत्र देते हुए लिखा है कि कांग्रेस नेता अजीत लकड़ा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सोशल मीडिया में पोस्ट करते हुए देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किया गया है जिससे भाजयुमो पटना इकाई के कार्यकताओं में भारी आक्रोश है,कार्यकर्ता कांग्रेस नेता के खिलाफ कार्यवाही एवं गिरफ्तारी की मांग करते हैं। भाजयुमो ने ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्यवाही की मांग की है एवं कांग्रेस नेता के उक्त कृत्य की निन्दा की है। ज्ञापन के साथ सोशल मीडिया पोस्ट का स्क्रीन शॉट भी संलग्न किया गया है। ज्ञापन सौंपते वक्त भाजयुमो पटना इकाई अध्यक्ष प्रवेंद्र सिंह के साथ नागेंद्र पटेल एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एकलव्य आदर्श विद्यालय के लिए प्रवेश के लिए ली गई परीक्षा



-संवाददाता-
सूरजपुर,18 मई 2024
(घटती-घटना)।

जिले में संचालित 04 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु कुल 240 सीटों की पूर्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता था। दिनांक 18. दिन-शनिवार को जिले के 09 परीक्षा केन्द्रो में प्रातः 10.00 से 12.00 तक राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था इस संबंध प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ने बताया कि कुल 1992 विद्यार्थी शामिल हुए। एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा का सफल आयोजन एवं निगरानी हेतु कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में तहसीलदार एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को प्रभारी नियुक्त किया गया था। चयन परीक्षा का निरीक्षण आदिम जति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों द्वारा भी किया गया।

# ट्रक की चपेट में आने से हुई एसईसीएल कर्मी की मौत

-संवाददाता-
सूरजपुर,18 मई 2024
(घटती-घटना)।



जिले के कटघोरा अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में हुए हृदय विदारक घटना में एक एसईसीएल कर्मी की मौके पर ही हो गई मौत द्य घटना को अंजाम देने के बाद दुर्घटना कारित वाहन चालक वाहन सहित मौके से हो गया था फरार, जिसे बांगो पुलिस ने घटनास्थल से दो किलोमीटर दूर पकड़ लिया। बीते शुक्रवार को एसईसीएल कुसमुंडा में कार्यरत कर्मी शिव नारायण गुप्ता पिता हरिलाल उम्र लगभग 40 वर्ष ड्यूटी समाप्त कर कुसमुंडा से अपने गृह ग्राम भटगांव दुपहिया वाहन से जा रहा था, इसी दौरान कटघोरा अंबिकापुर मुख्य मार्ग अंतर्गत ग्राम लमना के पास मोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार रसोई गैस लोड ट्रक वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया,इस हादसे में। मृतक का सिर का हिस्सा बुरी तरह से चपेट में आ गया था, जिस वजह से कर्मी की मौके पर मौत हो गई, घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया,इधर घटना की सूचना पर बागों पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, घटनास्थल से शव को उठाकर नजदीक के अस्पताल ले जाया गया।वहीं पुलिस की एक टीम दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन को ढूंढने में लग गई, इस दौरान घटनास्थल से दो किलोमीटर दूर यह वाहन सड़क किनारे एक ढाबे के पास खड़ी मिली, शव के सिर का हिस्से के कुछ अवशेष ट्रक के सामने के हिस्से में चिपके हुए थे,जिससे ट्रक ( CG 04 NX 6904) की पहचान हुई। वाहन चालक मौके से फरार था, पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिया। वहीं मृतक के शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

# तेंदूपत्ता तोड़ने से मनाही...गुरुघासीदास नेशनल पार्क क्षेत्र में रहने वाले 2500 हैं परिवार परेशान

## तेंदूपत्ता तोड़ने नेशनल पार्क एमपी के लिए खुला,अपनों के लिए बंद क्यों ? एक करोड़ का नुकसान,अफसर बोले मध्यप्रदेश वाले चोरी कर रहे

### जंगल आजीविका पर निर्भरता के बावजूद नहीं तोड़ पा रहे तेंदूपत्ता...

जंगल आजीविका पर निर्भरता के बावजूद नहीं तोड़ पा रहे तेंदूपत्ता, रिजर्व फारेस्ट जंगल आजीविका पर निर्भरता के लिए जी का जंजाल बन गया है,ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी जंगल से मिलने वाले वस्तुओं के सहारे ही है महुआ, तेंदू, चार को बेचकर चुकाते हैं कर्ज, बाजार से खाने के लिए एक वर्ष का सामान उधार ले आते हैं. फिर अगले वर्ष तेंदू,चार, महुआ को बेचकर उधार चुकाते हैं, उन्होंने कहा कि हमें तेंदूपत्ता तोड़ने की अनुमति देने के साथ ही अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ मिले ताकि आजीविका चलाने में दिक्कत न हो। यहां खेती में बरसात की फसल मक्का,कोदो-कुटकी,अरहर की फसल अच्छी हुई तो केवल सीजन भर खाने के लिए मिल जाता है, बाकी दूसरी फसल गेंहू,जौं, चना,अलसी,आलू की फसल का लाभ बारिश की कमी व सिंचाई का साधन न होने के कारण नहीं मिल पाता है, इस वजह से यहां के ग्रामीणों का जंगल पर ही निर्भर रहना जरूरी हो जाता है. ये लोग जंगल से ही मिले तेंदूचार, महुआ आदि को ही बेचकर रोजमर्रा की वस्तुएं खाने के लिए चावल, दाल, व सब्जी, तेल, मसाला व अन्य खाद्य सामग्री लाते हैं।



**-ओंकार पाण्डेय-**
**सुरजपुर,18 मई 2024 (घटती-घटना)।**
एक अजीबो गरीब फरमान सुने को मिला की गुरु घासीदास नेशनल पार्क क्षेत्र में तेन्दूपत्ता तोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के लिए मनाही है,लेकिन मध्यप्रदेश के ग्रामीण यहां आकर तेन्दूपत्ता तोड़ रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि मध्यप्रदेश वाले तो पार्क में तेन्दू के बड़े पेड़ों को काटकर उसकी पत्ती तोड़ रहे हैं और जंगल उजड़ रहा है, तो जंगल में लकड़ी माफिया का राज है, लेकिन पार्क के अफसर उसे नहीं रोक पा रहे हैं, उल्टे हमें तेन्दूपत्ता तोड़ने नहीं दिया जाता है। सूरजपुर के ओड़गी ब्लॉक के करीब 10 गांव के 2500 परिवार गुरुघासी दास नेशनल पार्क क्षेत्र में रहते हैं, जहां तेन्दू पत्ता खरीदने के लिए वन विभाग ने केंद्र नहीं खोला है। इसकी वजह से वे तेन्दूपत्ता नहीं तोड़ रहे हैं, तो दूसरी तरफ वे तोड़ना भी चाहें तो उनके खिलाफ कार्रवाई की बात कहकर उन्हें डराया जाता है। इसके कारण वे पत्ता नहीं तोड़ रहें हैं। उनका कहना है कि मध्यप्रदेश हमारे क्षेत्र से लगा हुआ है। मध्यप्रदेश के सोनभद्र जिले के लोग बाइक में तेन्दूपत्ता तोड़ने इसी पार्क में आते हैं, लेकिन उन्हें नहीं रोका जाता है।

### बेरोजगारी इतनी कि दूसरे राज्यों में मजदूरी बना मजबूरी

ओड़गी ब्लॉक के गांव लुल,भुण्डा,रसौकी, तेलाईपाठ,बैजनपाठ,खोहिर,रामगढ़,छतरंग सहित कई गांव है, जहां विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो रहते हैं। यहां के युवक बेरोजगारी के कारण दूसरे राज्यों में जाकर बड़ी संख्या में काम कर रहें हैं, क्योंकि यहां मनरेगा के तहत होने वाले काम का पैसा भी समय पर नहीं मिलता, तो सिंचाई का साधन भी नहीं है कि बिना बारिश खेती कर सकें। खेती का काम खत्म होने बाद घर पर ही बैठे रहते हैं ने बताया कि अगर हमें उच्च तेन्दूपत्ता तोड़ने दिया जाता तो हर परिवार कम से कम हजार गड्डी पत्ता तोड़ता। इससे हर परिवार को चार हजार का लाभ मिलता, लेकिन ऐसा नहीं होने पर वे घरों में बैठे रहते हैं और खेती के समय खाद बीज खरीदने के लिए लोन और दुकानदारों से कर्ज लेना पड़ता है। बता दें कि अगर 2500 आदिवासी परिवार 500 गड्डी पत्ता तोड़ते तो करीब एक करोड़ इनकी जेब में पहुंचता,जो नहीं पहुंच रहा है।

### आदिवासियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिलता...

तेन्दूपत्ता संग्राहकों को न्यूनतम 500 गड्डी तेन्दूपत्ता तोड़ने पर शासन,संघ द्वारा लागू शहीद महेन्द्र कर्मा तेन्दूपत्ता संग्राहक सामाजिक बीमा सुरक्षा योजना, सामूहिक बीमा योजना, छात्रवृत्ति योजना आदि का लाभ दिया जाता है, लेकिन यहां के आदिवासी इसका लाभ लेने से भी वंचित रह जा रहे हैं।

## रिजर्व फॉरेस्ट होने के कारण विभाग द्वारा तेंदूपत्ता तोड़ने पर प्रतिबंध लगा.. वनवासी तेंदूपत्ता तोड़ने की योजना से

जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी-बिहारपुर से लगे ग्राम पंचायत खोहिर, के बैजनपाठ, लुल्ह, भुण्डा व तेलई पाठ रसोकीमें पिछले कई दशक से यहां के वनवासी व ग्रामीणों द्वारा जंगल पर आजीविका निर्भर होने के बावजूद तेंदूपत्ता नहीं तोड़ा जाता है, उक्त गांव के लोग बेरोजगारी व शासन की छोटी-छोटी योजनाओं का लाभ न मिल पाने से काफी परेशान हैं, दरअसल उक्त गांवों का क्षेत्र गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क क्षेत्र चांदनी बिहारपुर के जंगल बैकुंठपुर, कोरिया के अधीन है, रिजर्व फॉरेस्ट होने के कारण विभाग द्वारा तेंदूपत्ता तोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, गौरतलब है कि बैजनपाठ, लुल्ह, भुण्डा एवं तेलई पाठ मूलतः आदिवासी, पंडो व गरीब किसानों का क्षेत्र है. यहां पर लोग कई दशकों से निवास कर रहे हैं. ये लोग मुख्य रूप से जंगल पर ही निर्भर होकर तेंदूचार, महुआ, डोरी, साल-बीज जैसेवनोपज से अपना जीवन यापन करते हैं. इसके अलावा एक रोजगार इनका तेंदूपत्ता संग्रहण भी है, प्रतिवर्ष इनको तेंदूपत्ता के सीजन का इंतजार भी रहता है कि इसे बेचकर कुछलाभ कमाने का मौका मिलेगा, उक्त सभी गांव पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के सीमापर एवं ऊंची पहाड़ी पर बसा हुआ है, लेकिन उक्त गांवों का क्षेत्र गुरुघासीदास राष्ट्रीय वन उद्यान बैकुंठपुर, कोरिया के अधीन है, रिजर्व फॉरेस्ट होने के कारण विभाग द्वारा तेंदूपत्ता तोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, इस वजह से वनवासी तेंदूपत्ता तोड़ने की योजना से वंचित हैं..

# सड़क पर मलबा और कचरा फेंकने वालों पर नगर निगम करेगी अब सख्त कार्यवाही



**-संवाददाता-**
**कोरबा,18 मई 2024 (घटती-घटना)।**
नगर निगम कोरबा के द्वारा अब प्रदूषण फैलाने वालों पर कि जाएगी सख्त कार्यवाही। विभाग ने अभियान चलाकर गंदगी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने की योजना बनाई है। इसके तहत सड़क किनारे निर्माण सामग्री व मलबा फेंकने पर 2 हजार रुपये तक अर्थदंड लगाया जाएगा साथ ही सड़क पर भवन निर्माण सामग्री डंप करने पर भी कार्यवाही करेगी। नगर निगम ने सड़क, सार्वजनिक स्थलों पर मलबा,कचरा नहीं फेंकने और भवन निर्माण सामग्री रोड पर डंप नहीं करने आग्रह किया है। सड़क व सार्वजनिक स्थानों पर मलबा व भवन निर्माण सामग्री डंप करने को निगम ने गंभीरता से लिया है। इसी कड़ी में शहर के तीन स्थानों पर मलबा व भवन निर्माण सामग्री डंप करने पर सख्त कार्यवाही भी की है। इसके उचित निपटान नहीं करने और नियम विरूद्ध कार्य पर कार्यवाही की गई है। फलोद्यान के समीप कचरा डालने पर भी निगम ने कार्यवाही करते हुए 500 रुपए अर्थदंड लगाया गया।

### निगम यूजर चार्जेस के आधार पर देगा सहयोग

वैसे मलबे के समुचित निपटान की जिम्मेदारी संबंधित निर्माणकर्ताओं की रहती है पर उत्सर्जित मलबा निपटान के लिए निगम यूजर चार्जेज के आधार पर अपना सहयोग देगा। यदि कोई निर्माणकर्ता मालवा उगाने में असक्षम है तो निगम यूजर चार्जेस के अंतर्गत एक निश्चित राशि उपभोक्ता शुल्क के तौर पर निगम में जमा करने पर निगम उक्त मालवा का निपटान करेगी। वहीं यदि अपशिष्ट सृजनकर्ता द्वारा स्वयं के वाहन से निर्धारित स्थल पर अपशिष्ट पहुंचाता है तो कोई उपभोक्ता शुल्क नहीं लगेगा। नियमों के अनुसार निर्माण और भवन की तोड़-फोड़ करने पर निकलने वाले मलबे को चिह्नांकित लो लाइन एरिया अथवा नगर निगम द्वारा चिह्नांकित समापन स्थल पर ही निपटान करना होगा।

# जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए दो महिलाओं पर भालू ने किया हमला



**-संवाददाता-**
**कोरबा,18 मई 2024 (घटती-घटना)।**
कोरबा जिले के बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टापरा के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं पर भालू ने हमला कर दिया। जंगल में दो भालू के हमले में महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण महिलाएं तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल की ओर गई थी। इसी बीच एकाएक भालुओ ने उन पर हमला कर दिया, उक्त भिड़ंत में महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गई है। बताया जा रहा हैं कि हमले में चंद्रमति कंवर नामक महिला निवासी ग्राम टापरा के दोनों पैर में भालुओं ने गहरे घाव कर दिए है। वहीं अन्य महिला फूल कुंवर नामक महिला के बाएं जांघ में हमला किया है। पूरे घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा डायल 112 को दी गई, जिसके बाद मौके पर त्वरित रूप से आरक्षक रोहित पाटले 262 एवं चालक पुर्णेश गवेल ने पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल के लिए रवाना किया जहां घायलों का उपचार जारी है।



# यूट्यूबर की हत्या का मुख्य आरोपी पत्नी का प्रेमी झारखंड से गिरफ्तार

## साथी की तलाश जारी





**-संवाददाता-**
**मनेन्द्रगढ़,18 मई 2024 (घटती-घटना)।**
यूट्यूबर की हत्या के मुख्य आरोपी को भी सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यूट्यूबर की पत्नी को 17 मई को ही जेल भेज दिया था। गौरतलब है कि पत्नी ने ही यूट्यूबर पति की अपने प्रेमी व उसके दोस्त के साथ मिलकर हत्या की थी। हत्या के बाद मुख्य आरोपी पत्नी का प्रेमी व उसका दोस्त फरार हो गए थे। पुलिस उसे झारखंड से गिरफ्तार कर शनिवार को यहां पहुंची और जेल भेज दिया। गौरतलब है कि 15 मई की रात मनेंद्रगढ़ के चनवारीडांड़ स्थित किराए के मकान में रहने वाले रईस अहमद की उसकी पत्नी सफीना बेगम ने अपने प्रेमी आरजू खान व उसके दोस्त खुशी खान के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। इसके बाद उसका शव मौहारीपारा ग्राउंड में फेंक दिया था। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी सफीना को गिरफ्तार कर शुक्रवार को ही जेल भेज दिया था। वहीं मुख्य आरोपी को पकडऩे झारखंड रवाना हुई थी। प्रेमी व पत्नी एक ही गांव के रहने वाले हैं।

### पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

मनेंद्रगढ़ पुलिस शनिवार को मुख्य आरोपी आरजू खान को झारखंड से गिरफ्तार कर पहुंची। यहां उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि आरोपी पत्नी सफीना अपने प्रेमी मुख्य आरोपी आरजू खान के साथ 4-5 महीने पहले ही पति रईस खान को छोडक़र भाग गई थी। इसके बाद भी पति उसे ले आया था और अपने साथ रखा था। हत्या की घटना के बाद यह माना जा रहा है कि पत्नी अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती थी। उसने ही 3 महीने पहले पति की हत्या की प्लानिंग की थी।

# जिम्मेदारों के मौन स्वीकृति से रेत तस्करों के हुए बल्ले-बल्ले



**-राजा मुखर्जी-**
**कोरबा 18 मई 2024 (घटती-घटना)।**
कोरबा जिले में रेत चोरी थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि रेत तस्करी से जुड़े लोग खुलेआम दिनदहाड़े रेत के तस्करी करते बाज नहीं आ रहे। वहीं स्वीकृत रेट घाट में संचालन की जिम्मेदारी निभा रहे नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी/ कर्मचारी रॉयल्टी की रकम पूरी लेने के बाद भी सुविधा नहीं दे पा रहे हैं, जिसके कारण रेत की कीमतों का भार आम लोगों से वसूला जा रहा है। इस मामले की लिखित शिकायत रणवीर आदिले (जिला उपाध्यक्ष) छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा कोरबा कलेक्टर से की गई है। देखना होगा कि इस मामले में कलेक्टर द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है। शिकायतकर्ता ने अपने पत्र में उल्लेख करते हुए लिखा है कि कोरबा जिला में वर्ष 2024-25 के लिए जिला प्रशासन द्वारा ग्राम बरबसपुर में नगर निगम कोरबा को रेत घाट संचालन हेतु रॉयल्टी पर्ची काटने की जिम्मेदारी दी गई है, जहां रॉयल्टी घर से प्रति ट्रैक्टर 501 रुपए लेकर पर्ची दिया जा रहा है और इस 501 रुपए में लोडिंग शामिल है। परंतु बिना लोड किए ही 501 रुपए लिया जा रहा है जिसमें की कोरबा की आम जनता को महंगे में रेत खरीदना पड़ रहा है। दूसरी ओर धड़ल्ले से रेत चोरी करके भंडारण किया जा रहा है जिससे शासन को बड़े राजस्व का भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में निगम के प्रभारी श्रीधर बनाफर को फोन पर शिकायत करने पर जानकारी का अभाव बताते हुए पल्ला झाड़ा गया। रेत की चोरी हो रही है कहने पर उन्होंने कहा यह सब उनकी जवाबदारी नहीं है और कहा की रेत चोरी रोकना उनका काम नहीं है,खनिज विभाग कोरबा का काम है। शिकायतकर्ता द्वारा जिम्मेदार अधिकारी एवं विभाग के कर्मचारियों के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए मांग किया है कि नदी के समीप ही एक व्यक्ति को भंडारण की अनुमति दी गई है जो नदी से लगा हुआ है और वह भी धड़ल्ले से रेत की चोरी कर रहा है। आसपास के संयंत्र में सप्लाई कर रहा है जिससे बड़े पैमाने में सरकार के राजस्व का नुकसान हो रहा है। शिकायतकर्ता ने मांग किया है कि स्वीकृत रेत भंडारण को निरस्त किया जाए एवं निगम के अधिकारी श्रीधर बनाफर और अन्य दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। अब देखना होगा कि शिकायतकर्ता के शिकायत के बाद कलेक्टर द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है ।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सूरजपुर,जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0..202403260300082 /अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-सूरजपुर को सुचित किया जाता है श्री अमित कुमार जायसवाल आ. स्व. प्रताप सिंह जायसवाल व श्रीमती आकांक्षा जायसवाल पति श्री अमित कुमार जायसवाल जाति कलार निवासी ग्राम- सुरजपुर तहसील व सूरजपुर (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम- सूरजपुर प.ह.नं.11 रा.नि.मं. सूरजपुर तहसील -सूरजपुर स्थित स्वयं के खाते कि भूमि खसरा क्रमांक 132/11 रकबा 0.020 हे0 कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन -पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 20/05/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/05/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भुमि व्यपवर्तन सूरजपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0/अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-चन्दरपुर को सूचित किया जाता है आवेदक श्री संजय आ.रामविचारे व अन्य 01 जाति तेली निवासी ग्राम- चन्दरपुर तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम- चन्दरपुर प.ह.नं.08 रा.नि.मं. बसदेई तहसील -सूरजपुर स्थित शामिल खाते की भूमि खसरा क्रमांक 1012/17 रकबा 0.031 हे0 कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 30/05/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/05/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर,जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0......../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सुचित किया जाता है आवेदक रमाशंकर सिंह आ.स्व. मुनेश्वर सिंह जाति क्षत्रिय निवासी बंजा तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वमित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम- नमनाकला तहसील -अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) खसरा क्रमांक 157/470 रकबा 0.026 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया हैं। जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धरित सुनवाई तिथि 03/06/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं।निर्धरित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17/05/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर,जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0......../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सुचित किया जाता है आवेदक संजुला जायसवाल पत्नी विकास कुमार गुप्ता जाति कलवार निवासी नमनाकला तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वमित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम- सोनपुरकला तहसील -अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) खसरा क्रमांक 335/31 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया हैं। जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धरित सुनवाई तिथि 20/05/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं।निर्धरित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) उदयपुर,जिला-सरगुजा**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0......../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मो0 मतीन अख्तर आ0 इदरीश खान जाति मुसलमान निवासी ग्राम- लखनपुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वमित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम- लखनपुर तहसील - उदयपुर स्थित खसरा क्रमांक 1381 रकबा 0.117 हे0 में से रकबा 0.024 हे0 भूमि को सहखातेदार की सहमति से आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं।आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ बी-1 खसरा, नक्सा, नजरी नक्सा, प्रजीबद्ध विक्रय पत्र की प्रति एवं नगर पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयंअथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धरित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)उदयपुर सरगुजा

**न्यायालय नजुल अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202312021200./ अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक्रग दलजीत कौर पत्नी स्व0 अवतार सिंह एवं हरप्रीत कौर पत्नी स्व0 सतपाल सिंह निवासी गुरूनानक वार्ड सरदार गली केदारपुर अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0 ) ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। कि आवेदकगण के ससुर स्व0 सरदार बाबा सिंह आ0 स्व0 सरदार आत्मा सिंह के स्वामित्व व अधिपत्य की शीट नं0-03 मोहल्ला - महाराजा होटल गली नगर-अंबिकापुर स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमाक 1063/1, 1065/3 रकबा क्रमश $0.02^{1/2}$, 0.04 हे0 भुमि हैं। खाताधारक सरदार बाबा सिंह आ0स्व0 सरदार आत्मा सिंह की मृत्यु दिनांक 10/06/2003 को हो चुकि हैं। अतः भुधारक की मृत्यु हो जाने के कारण आवेदकगण द्वारा फौती के आधार पर उक्त भुमि के अभिलेख से मृत्तक खातेदार का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज करने पर बाब्त आवेदन पत्र के अतर्गत धारा 109 110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया हैं।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा- अथवा आपत्ति हो, तो वे अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 12/06/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी

सील
नजूल अधिकारी
अंबिकापुर

# कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच आज

**» कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर दूसरा स्थान पक्का करने उतरेगी राजस्थान रॉयल्स**

**नई दिल्ली,18 मई 2024।** राजस्थान रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी। सोलह अंक लेकर प्लेआफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं।

पिछले दो मैचों में टीम 150 के पार भी नहीं पहुंच सकी और अब इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद उसकी राह और कठिन हो गई है। ऐसे में यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन और स्थानीय हीरो रियान पराग को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। प्लेआफ में शीर्ष दो में रहकर जाने से उनके पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके रहेंगे। केकेआर के 19 अंक है और उसका शीर्ष पर रहना तय है।

अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुलने से उसे एक अंक मिला। केकेआर के हौसले बुलंद है लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मई को ईडन गार्डंस पर हुए मुकाबले के बाद से केकेआर ने बारिश की भेंट हुए इस मैच के अलावा कोई मुकाबला नहीं खेला है। अहमदाबाद जाकर एक दिन के अभ्यास के लिये कोलकाता लौटना और फिर आखिरी लीग मैच के लिये गुवाहाटी जाना थकाऊ रहा होगा और इससे उनकी लय पर असर पड़ सकता है।




अब देखना यह होगा कि मेंटोर गौतम गंभीर की टीम इस लय को बरकरार रख पाती है या नहीं। उसके पास फॉर्म में चल रहा इंग्लैंड का सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट भी नहीं है जो पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिये स्वदेश लौट चुके हैं। केकेआर के दो सलामी बल्लेबाजों साल्ट और सुनील नारायण ने मिलकर इस सत्र में सात अर्धशतक और एक शतक समेत 182 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 897 रन बनाये हैं। साल्ट की जगह रहमानुल्लाह गुरबाज ले सकते हैं लेकिन मैदान पर उतरते ही साल्ट की तरह आक्रामक खेलने की उनसे उम्मीद नहीं की जा सकती। इस सत्र में उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला है। केकेआर की बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल पर होगा। मैच में बारिश का भी पूर्वानुमान लगाया जा रहा है।

**टीमें...**

**कोलकाता नाइट राइडर्स :-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजनफर, फिल साल्ट।

**राजस्थान रॉयल्स:-** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर-केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन।

## निशानेबाज मनु भाकर का ओलंपिक चयन ट्रायल्स में दबदबा बरकरार

**नई दिल्ली,18 मई 2024।** ओलंपियन मनु भाकर ने यहां 10 मीटर एयर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल्स (ओएसटी) में शानदार स्कोर से एशियाई खेलों की पदक विजेता ईशा सिंह की चुनौती पस्त करते हुए पूरी तरह से दबदबा बनाये रखा। मनु ने तीसरे ओएसटी में 241.0 का शानदार स्कोर बनाकर ईशा (240.2) और रिदम सांगवान (220.3) को पछाड़ा।सुरभि राव (199.3) और पलक (179.1) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी3 फाइनल में नवीन ने 246.8 अंक का स्कोर बनाया जिससे वह मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.3 अंक से पीछे रहे। सरबजोत सिंह (242.4) ने दूसरा स्थान हासिल किया। उनके बाद अर्जुन सिंह चीमा (218.8), वरूण तोमर (197.3) और रविंदर सिंह (176.9) क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। रमिता जिंदल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल्स (ट्रायल 3) ने 252.6 अंक का स्कोर बनाया जिससे वह दूसरे स्थान पर रहने वाली ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (252.1) से आगे रहीं।



नैन्सी शूट ऑफ में इलावेनिल से पिछड़कर तीसरे स्थान पर रहीं जबकि मेहुली घोष और तिलोत्मा सेन क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल्स में श्री कार्तिक सबरी राज ने 24 शॉट के शूटआउट में बढ़त बनायी। उनके और दिव्यांश सिंह पंवार के समान 252.5 अंक रहे। अर्जुन बबुता (229.9) तीसरे जबकि विश्व चैम्पियन रूद्रांक्ष पाटिल और संदीप सिंह क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

## केन्याई धावक क्वेमोई पाये गये ब्लड डोपिंग के दोषी

**नैरोबी,18 मई 2024।** केन्या के ओलंपियन और 10 हजार मीटर में पूर्व अंडर-20 विश्व चैंपियन रोजर क्वेमोई पर एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने ब्लड डोपिंग के लिए छह साल का प्रतिबंध लगा दिया है।सूत्रों ने बताया कि क्वेमोई को अपना प्रदर्शन बेहतर करने के लिए ब्लड बूस्टर के इस्तेमाल का दोषी पाया गया है। इसका खुलासा उनके एथलीट्स बायोलॉजिकल पासपोर्ट (एबीपी) से हुआ। एआईयू ने प्रतिबंध के फैसले पर 24 अप्रैल को ही मुहर लगा दी थी, हालांकि इसे शुक्रवार को सार्वजनिक किया गया।अब 27 साल के हो चुके धावक को पोलैंड में 2016 में विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप में उनकी जीत के बाद पूर्व अफ्रीकी देश की लंबी दूरी की ट्रैक रनिंग का भविष्य माना जा रहा था।

डेविड शार्प की अध्यक्षता वाले तीन जजों के लंदन स्थित पैनल ने क्वेमोई को ब्लड डोपिंग का दोषी करार दिया। साथ ही 18 जुलाई 2016 से 8 अगस्त 2023 के बीच उनके द्वारा जीते गये सभी खिताब, रिकॉर्ड और इनामी राशि वापस लेने का भी



फैसला सुनाया गया है। इसके अतिरिक्त मामले की सुनवाई के खर्च के रूप में उन्हें वर्ल्ड एथलेटिक्स को तीन हजार डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया गया है।

वर्ष 2022 में इस्तांबुल हाफ मैराथन में 59.15 मिनट का रिकॉर्ड बनाने वाले क्वेमोई ने लंदन के एक वकील के जरिये तीन जजों के समक्ष सुनवाई का विकल्प चुना। वकील ने बिना किसी शुल्क के उनके लिए मुकदमा लड़ा।जजों ने बचाव पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया कि उनके एबीपी के असामान्य होने की वजह जल्दी-जल्दी उनकी भौगोलिक परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण प्राकृतिक रूप से शारीरिक तथा मानसिक बदलाव हैं।पोलैंड में 27 मिनट 25.23 सेकेंड के साथ 10 हजार मीटर में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के बाद क्वेमोई ने 2017 में ऑस्ट्रेलिया में राष्ट्रमंडल खेलों में 10 हजार मीटर में कांस्य पदक जीता। दोहा में 2019 के विश्व चैंपियनशिप में वह चौथे स्थान पर रहे। टोक्यो ओलंपिक 2020 में इसी दूरी वर्ग में वह सातवें स्थान पर रहे।अपनी आखिरी प्रतिस्पर्द्धा में अमेरिका में 2022 विश्व चैंपियनशिप में वह 15वें स्थान पर रहे।

## निलंबित होने के कारण अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेलेंगे हार्दिक पांड्या

**मुंबई,18 मई 2024।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को धीमी ओवर गति को लेकर एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। अब वह अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे।



वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ख़िलाफ़ उनकी टीम समय पर अपने ओवर ख़त्म नहीं कर पाई थी। मुंबई के लिए यह मैच आईपीएल 2024 का आखिरी मैच था। इसका मतलब यह हुआ कि हार्दिक अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। यदि हार्दिक अगले सीजन के लिए किसी अन्य टीम में चले जाते हैं, तो वह उस विशेष टीम का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। इस आईपीएल सीजन में यह तीसरी बार था जब मुंबई न्यूनतम ओवर रेट बनाए रखने में विफल रही। परिणामस्वरूप एक मैच के प्रतिबंध के अलावा हार्दिक पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और इम्पैक्ट प्लेयर सहित बाकी प्लेइंग बारह पर व्यक्तिगत रूप से 12 लाख रुपये या उनके मैच फीस का 50 फीसदी का जुर्माना लगाया गया। मुंबई के लिए यह एक निराशाजनक सत्र रहा है। लीग चरण में उनके आखिरी मैच में भी उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स से 18 रनों की हार सामना करना पड़ा। इस सीजन मुंबई की टीम ने सिर्फ़ चार ही मैच जीते और अंकतालिका में 10वें पायदान पर रहे।रोहित शर्मा की जगह पर कप्तान बनने के बाद फ़ैंस ने पूरे सीजन हार्दिक के ख़िलाफ़ हूटिंग की। इसका साफ़ असर उनके प्रदर्शन पर भी देखने को मिला। उन्होंने इस सीजन 13 पारियों में सिर्फ़ 18 की औसत से मात्र 216 रन बनाए। साथ ही गेंद के साथ उन्होंने 12 पारियों में 11 विकेट लिए और उनकी इकॉनमी 10.75 की रही।मुंबई के कोच मार्क बाउचर ने भी माना कि फ़ैंस ने जिस तरह से हार्दिक की आलोचना की, उसका प्रभाव टीम और हार्दिक के प्रदर्शन पर पड़ा।

## मिजोरम ने असम को 5-1 से हराया



**नारायणपुर(छत्तीसगढ़),18 मई 2024।।** मिजोरम ने शनिवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में असम पर 5-1 से जीत के साथ पुरुष स्वामी विवेकानंद अंडर-20 राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा।मिजोरम ने शानदार फॉर्म के साथ मैच में प्रवेश किया और अपने तीन ग्रुप मैचों में 15 गोल किए और सभी नौ उपलब्ध अंकों के साथ ग्रूप एफ में शीर्ष स्थान हासिल किया। मिजोरम की इस टीम की गोल स्कोरिंग क्षमताओं के बारे में ज्यादा संदेह नहीं था और उन्होंने यह साबित कर दिया जब उन्होंने मैच के दूसरे ही मिनट में लालरेमत्लुआंगा की फ्री किक के जरिए स्कोरिंग की शुरुआत की।

असम ने पहले हाफ में संघर्ष दिखाया और उत्तम लिंबू के गोल की बदौलत 18वें मिनट में मैच बराबर कर लिया, जो अभिनाश बोरो के क्रॉस पर हुआ।

बॉक्स के बाहर से इमानुएल लालहरुइजेला की बाएं पैर की वॉली से मिजोरम ने 43वें मिनट में शानदार अंदाज में बढ़त बना ली और पहला हाफ 2-1 से समाप्त हुआ। दूसरे हाफ में मिजोरम ने तीन गोल किए, जिसमें लालरेमत्लुआंगा का दिन का दूसरा गोल भी शामिल था, जिसने मैच को 5-1 से जीत लिया।

## केजीएफ के डायरेक्टर संग जूनियर एनटीआर की फिल्म का नाम ड्रैगन




### मास स्टार के बर्थडे पर आएगा पोस्टर

जूनियर एनटीआर अपनी अपकमिंग एक्शन ड्रामा फिल्म देवरा पार्ट 1 से चर्चा में हैं. फिल्म देवरा पार्ट 1 का पहला गाना फियर एक्टर के बर्थडे से पहले रिलीज होने जा रहा है. एक्टर आगामी 20 मई को अपना 41वां बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे. वहीं, जूनियर एनटीआर अपने फैंस को बर्थडे पर एक और तोहफा देने की तैयारी कर रहे हैं. बता दें, जूनियर एनटीआर और केजीएफ के डायरेक्टर प्रशांत नील साथ में जो फिल्म ला रहे हैं. अब इस फिल्म का नाम सामने आ गया है. जूनियर एनटीआर की फिल्म एनटीआर 31 साल 2022 में अनाउंस हुई थी, जिसका नाम अब ड्रैगन बताया जा रहा है.रिपोर्ट्स के मुताबिक, जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील की अपकमिंग फिल्म का नाम ड्रैगन बताया जा रहा है. कहा जा रहा है कि एक्टर के बर्थडे पर प्री-लुक पोस्टर जारी हो सकता है. अगर फिल्म का नाम ड्रैगन कंफर्म हो जाता है तो यह एनटीआर के फैंस के लिए बड़ी थ्रिलर फिल्म होने जा रही है. बता दें, फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज में चल रही है. वहीं, जूनियर एनटीआर फिल्म देवरा पार्ट 1 को फिनिश करने में लगे हैं तो वहीं नील साउथ सुपरस्टार प्रभास के साथ फिल्म सालार का पार्ट 2 सालार पार्ट 2 शौर्यांग परवम में बिजी हैं.बता दें, 20 मई 2022 को प्रशांत नील और जूनियर एनटीआर ने फिल्म एनटीआर 31 का एलान किया था और एक तस्वीर भी शेयर की थी. इसमें जूनियर एनटीआर का मोनोक्रॉम लुक दिख रहा था और पोस्टर पर हैप्पी बर्थडे के साथ एनटीआर 31 लिखा हुआ था.फिलहाल, जूनियर एनटीआर डारेक्टर कोराताला का फिल्म देवरा पार्ट 1 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, जो 10 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है. फिल्म में सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर भी अहम रोल में होंगे.




## बड़े पर्दे पर धमाका मचाने के बाद ओटीटी पर लौटी कॉमेडी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस, प्राइम वीडियो पर शुरु हुआ प्रीमियर!

मडगांव एक्सप्रेस से कुणाल खेमू ने बतौर निर्देशक बड़े पर्दे पर कदम रखा है। कम बजट में बनी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की थी। अगर आपने बाय चांस सिनेमाघर में इस फिल्म को मिस कर दी है तो कोई फिक्र करने की जरूरत नहीं है क्योंकि सिनेमाघरों के बाद फिल्म ओटीटी पर आ गई है।मडगांव एक्सप्रेस दो महीने के बाद सिनेमाघरों से उतरकर ओटीटी पर रिलीज की गई है। कॉमेडी से भरी फिल्म में मिर्जापुर के मुन्ना भैया उर्फ दिव्येंदु, अविनाश तिवारी और प्रतीक गांधी ने अपने अभिनय से दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान ला दी थी। कुणाल खेमू के निर्देशन की भी कम तारीफ नहीं हुई।22 मार्च को थिएटर्स में रिलीज हुई मडगांव एक्सप्रेस करीब दो महीने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है। यह मूवी ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। प्राइम वीडियो के इंस्टाग्राम हैंडल से जानकारी साझा की गई है। पोस्टर के साथ लिखा गया है, आखिरकार गोवा ट्रिप ने जीसी को छोड़ दिया है।मडगांव एक्सप्रेस के ओटीटी पर आते ही फैंस खुशी से गदगद हो गये हैं। एक यूजर ने कहा, इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। एक और ने कहा, फुल एंटरटेनमेंट से भरी फिल्म। जरूर देखनी चाहिए। एक और यूजर ने लिखा, फिर से दोबारा ओटीटी पर देखने जा रही है। बहुत खूबसूरत फिल्म है। एक ने कहा, सबसे क्रेजी ट्रिप। लोग फिल्म को ओटीटी पर उतरने से बहुत खुश हैं।एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस की कहानी तीन दोस्तों की है,जो गोवा ट्रिप पर जाने की प्लानिंग करते हैं। खुशी-खुशी गोवा ट्रिप पर निकले तीन दोस्तों की जर्नी बीच में एक बड़ा टर्न लेती है जो तीनों की लाइफ बदल देती है। फिल्म 50 दिन तक बड़े पर्दे पर टिकी रही।रिपोर्ट के मुताबिक, मूवी ने कुल 48 करोड़ का कारोबार किया है।

## अनिल कपूर और रानी मुखर्जी 23 साल बाद सिक्वल के लिए फिर साथ आएंगे?

नायक 2 के लिए अनिल कपूर और रानी मुखर्जी 23 साल बाद फिर से एक साथ आने के लिए तैयार हैं। नायक में उनकी भूमिकाओं के लिए दोनों की सराहना की गई थी और यह फिल्म शिवाजी राव की यात्रा के बारे में थी जो एक दिन के लिए मुख्यमंत्री का पद संभालते हैं। नायक अब तक की सबसे पसंदीदा राजनीतिक एक्शन चश्मों में से एक है जिसे सभी ने पसंद किया है। खैर, 23 साल बाद, कथित तौर पर नायक 2 पर काम चल रहा है और इसमें अनिल कपूर और रानी मुखर्जी का पुनर्मिलन होगा।



एक मीडिया पोर्टल ने सूत्र के हवाले से कहा कि नायक 2 वहीं से शुरू होगी जहां पहला भाग छोड़ा गया था। निर्माता मुकुट ने परियोजना की प्रगति की पुष्टि की। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि टीम जल्द ही एक घोषणा करने का इरादा रखती है। निर्माता मुकुट ने कहा कि फिलहाल पटकथा पर काम चल रहा है और वे अपनी भूमिकाओं के लिए अनिल कपूर और रानी मुखर्जी को बनाए रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मुकुट ने मिडडे को बताया कि वे सीक्वल की योजना बना रहे हैं और मौजूदा किरदारों के साथ कहानी को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने बहुत समय पहले निर्माता एएम रत्नम से अधिकार खरीदे थे और अब मुख्य किरदारों को ध्यान में रखकर स्क्रिप्ट लिख रहे हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि उनके मन में कुछ निर्देशक हैं, लेकिन अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है।

उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने अनिल कपूर और रानी मुखर्जी के साथ प्रारंभिक चर्चा शुरू कर दी है, जो शुरुआती चरण में है। उन्होंने सीक्वल में नए कलाकारों को शामिल करने का भी जिक्र किया। नायक 2 भ्रष्टाचार, नौकरशाही और जनता के प्रभाव के विषयों पर केंद्रित होगी।

## जाह्नवी कपूर ने ब्लू और रेड प्रिंट शेड में साड़ी पहने सोशल मीडिया का पारा किया हाई

बी-टाउन की खूबसूरत हसीना जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड फैशन स्टेटमेंट्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तबाही मचाने लगता है। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं,जिसमें वो काफी स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का ट्रेलर लॉन्च हुआ है। इस दौरान उन्होंने बेहद ही खूबसूरत साड़ी पहने हुए इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है।एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड ड्रेसिंग सेंस और ग्लैमरस लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया आते ही छा जाता है।अब हाल ही में जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में बेहद शानदार साड़ी पहनी थी, जिसमें उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए थे।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं




एक्ट्रेस ने रेड और ब्लू प्रिंट कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो अपना पल्लू लहराते हुए एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई कैमरे के सामने फोटोशूट करवा रही हैं।बता दें एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।हालांकि इन तस्वीरों में भी यूजर्स ने कॉमेंट्स करते हुए रिएक्शंस शेयर किए हैं। एक यूजर ने लिखा है सो स्वीट। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- सो हॉट एंड ग्लैमरस। फिर तीसरे यूजर ने लिखा है- सो सेक्सी।जाह्नवी कपूर की इन फोटोज को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 5 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स की बौछार कर दी है।बता दें एथनिक हो या वेस्टर्न जाह्नवी कपूर अपने हर लुक में कहर बरसाती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही सनसनी मचाने लगता है।

## रोहित सराफ की फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड को मिली नई रिलीज तारीख, नया पोस्टर भी जारी

रोहित सराफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड को लेकर चर्चा में हैं।इस फिल्म में जिबरान खान, पश्मीना रोशन और नैना ग्रेवाल जैसे सितारे भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। निपुण अधिकारी ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। अब रोहित ने इश्क विश्क रिबाउंड के एक साथ 5 पोस्टर जारी किए हैं, जिन्हें सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है।इसके साथ रोहित ने फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया है। फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड पहले 28 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। अब इस फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है।इस फिल्म के लिए आपको ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। यह फिल्म अब 21 जून, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी।इश्क विश्क रिबाउंड के बाद रोहित फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएंगे, जिसमें वह वरुण धवन और जाह्नवी कपूर के साथ अभिनत करते नजर आएंगे।यह फिल्म 2003 की मशहूर फिल्म इश्क विश्क का सीक्वल है, जिसमें



शाहिद कपूर के साथ अमृता राव, विशाल मल्होत्रा और शेनाज़ ट्रेजरीवाला ने अभिनय किया था। निर्माताओं के अनुसार, फिल्म को समकालीन समयरेखा में फिट करने के लिए रीबूट किया गया है और यह सहस्राब्दी और जेन-जेड पीढ़ी के बीच संबंधों पर एक आधुनिक और भरोसेमंद दृष्टिकोण पेश करती है।इश्क विश्क रिबाउंड का निर्माण रमेश तौरानी द्वारा किया गया है और टिप्स फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले जया तौरानी द्वारा सह-निर्माता है। रोहित को आलिया भट्ट की फिल्म डियर जिंदगी और वेब सीरीज मिसमैच्ड में उनके अभिनय के लिए जाना जाता है, दूसरी ओर, पश्मीना अभिनेता ऋतिक रोशन की चचेरी बहन हैं, जबकि जिबरान खान करण जौहर की ड्रामा फिल्म कभी खुशी कभी ग़म में एक बाल कलाकार थे।

# प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आरटीई पोर्टल के माध्यम से निकाली जाएगी लॉटरी



## नियमितीकरण याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

» 98 संविदा कर्मचारियों में खुशी की लहर

**रायपुर/बिलासपुर,18 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में पिछले करीब 10 साल से संविदा और अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का मुद्दा सियासी गलियारों में गूंज रहा है। नियमितीकरण की मांग को लेकर कई बार कर्मचारी आंदोलन भी कर चुके हैं। अगर पिछली भूपेश सरकार की बात करें तो उन्होंने कर्मचारियों से वादा किया था कि सत्ता में आते ही संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा, लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी कांग्रेस ने अपना वादा पूरा नहीं किया। लेकिन इस बीच कल सुप्रीम कोर्ट ने संविदा कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला दिया है।

**रायपुर,18 मई 2024(ए)।** अगर आप भी अपने बच्चे जो आर.टी.ई के तहत प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने का सोच रहे है तो यह खबर आप ही के काम की है। दरअसल निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आर.टी.ई.) अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयो में आर.टी.ई. पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन,भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में लॉटरी एवं आबंटन की कार्यवाही 20 मई से 30 मई तक की जाएगी और उसके बाद स्कूल में दाखिला की प्रक्रिया 1 जून से 30 जून तक होगी। आर.टी.ई. के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही के लिए निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार द्वितीय चरण के लिए नवीन स्कूल पंजीयन (आवेदन) और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन कार्य 15 जून से 30 जून तक किया जाएगा। छात्र पंजीयन (आवेदन) 1 जुलाई से 8 जुलाई तक होगा।इसके बाद नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 9 जुलाई से 15 जुलाई तक की जाएगी। लॉटरी एवं आबंटन का कार्य 17 जुलाई से 20 जुलाई तक किया जाएगा। इसके बाद स्कूल में दाखिला की प्रक्रिया 22 जुलाई से 31 जुलाई तक की जाएगी। वर्ष 2023-24 के लिए ऑनलाईन दावा प्रक्रिया 1 अगस्त से 30 अगस्त तक किया जा सकेगा।




### लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किया निर्देश

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टरों, संभागीय शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि आर.टी.ई. अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने इस संबंध में अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत नोडल अधिकारी की जानकारी, क्षेत्र का निर्धारण, मान्यता संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। आरक्षित सीटों का निर्धारण, प्रवेश एवं सूचना के लिए आवेदन प्राप्त करना, आवेदन पत्रों की समीक्षा एवं प्रचार-प्रसार, आबंटन प्रक्रिया एवं शुल्क की प्रतिपूर्ति व प्रक्रिया समय-सारिणी अनुसार संपादित की जाए।

# पीड़िया नक्सली मुठभेड़ पर कांग्रेस की जांच पूरी

» पीसीसी चीफ बैज बोले...मुठभेड़ फर्जी है...

» उच्चस्तरीय जांच कराए सरकार...

» डिप्टी सीएम साव को भी दी चुनौती

**रायपुर,18 मई 2024(ए)।** पीडिया नक्सली मुठभेड़ पर कांग्रेस की जांच पूरी हो गई है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, जांच दल से जानकारी मिली है, मुठभेड़ फर्जी है। नक्सली बताकर ग्रामीणों को मारा गया था। साय सरकार से मांग है कि मुठभेड़ की उच्चस्तरीय जांच कराए.।

बता दें कि 10 मई को बीजापुर के पीडिया में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुइ थी,जिसमें 12 नक्सली मारे गए थे।

अरुण साव ने दीपक बैज के दिखाई नहीं देने की बता कही है। इस बयान पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने चुनौती दी है। बैज ने कहा, मैं चुनौती देता हूं कि 4 जून के बाद हम हर चौक चौराहे पर मिलेंगे। कांग्रेस पार्टी को ढूंढने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बीजेपी के लोग अस्पतालों में जाएंगे तो वहां भी कांग्रेसी मिलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के तो आंसू निकलने लगे हैं।

भाजपा ने 11 कांग्रेस के पूर्व सदस्य को प्रचार करने हरियाणा भेजा। राधिका खेरा को रायबरेली भेजा गया। इस मामले पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, शायद अगर टीम 11 बनाकर मणिपुर, कर्नाटक भेज देते तो बेहतर होता. भाजपा नौटंकी कर रही है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है. पीएम मोदी का हर हथियार फेल हो चुका है।छत्तीसगढ़ में योजनाओं के नाम पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव के बयान पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार किया है। बैज ने कहा, भाजपा के पास एक भी उपलब्धि नहीं है। केवल नाम बदलने के अलावा और कोई काम नहीं है। छग को कर्जा में डूबा दिया गया है। यह सरकार जनता पार्टी नहीं जनता को लूटने वाली सरकार है।स्वाति मालवीय विवाद पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा के आरोप पर कहा, एक ट्वीट मणिपुर की पीड़ित आदिवासी महिलाओं के लिए भी कर देते. महिला खिलाड़ियों और कर्नाटक की घटना पर कर देते तो अच्छा होता. राजनीति करना आसान है। भाजपा पहले अपने गिरेबान में झांके।






## रिश्वत मामले में गिरफ्तार सहायक संचालक निलंबित

» एन्टी करप्शन ब्यूरो ने किया था गिरफ्तार...

**रायपुर,18 मई 2024 (ए)।** संचालक नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा सहायक संचालक (सर्वे) बालकृष्ण चौहान एवं नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर के सहायक मानचित्रकार नीलेश्वर कुमार ध्रुव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय से जारी आदेश अनुसार इन दोनों के विरूद्ध रिश्वत लेने के अपराध में एन्टी करप्शन ब्यूरो द्वारा गिरफ्तार किया जाकर अपचारी अधिकारी के विरूद्ध धारा-7, पी.सी. एक्ट, 1988 संशोधित 2018 के तहत अपराध पंजीबद्ध किये जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। अतएव बालकृष्ण चौहान, सहायक संचालक (सर्वे) एवं नीलेश्वर कुमार ध्रुव, सहायक मानचित्रकार, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में मूलभूत नियम के अंतर्गत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। निलंबन अवधि में बालकृष्ण चौहान, सहायक संचालक (सर्वे) एवं नीलेश्वर कुमार ध्रुव,सहायक मानचित्रकार का मुख्यालय, कार्यालय संयुक्त संचालक,नगर तथा ग्राम निवेश, बिलासपुर निर्धारित किया जाता है।

## गृहमंत्री ने सरेंडर नक्सली को किया वीडियो कॉल

» विजय शर्मा का एक्स पोस्ट

**कबीरधाम,18 मई 2024(ए)।** जिले में पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के प्रयास से नक्सली न केवल मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं, बल्कि अब पढ़ाई लिखाई में भी विशेष ध्यान दे रहे हैं।



साल 2021 में आत्मसमर्पण करने वाले दंपति लिबरू उर्फ दिवाकर और लक्ष्मी दिवाकर ने तकरीबन 12 वर्ष बाद दसवीं की ओपन परीक्षा दी,जिसमें दिवाकर 35 प्रतिशत अंकों के साथ पास हुए हैं.। बताया जा रहा है लिबरु उर्फ दिवाकर कोर्राम 14 लाख का इनामी नक्सली था. 2021 में लिबरु ने समाज के मुख्यधारा पर जुड़े और वह अब बहुत खुश है. पूर्व नक्सली लिबरु ने पुलिस की नौकरी करने की मंशा जताई है. वहीं आज डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने पूर्व नक्सल दंपति से वीडियो काल में बात कर बधाई दी और पुनर्वास योजना का विस्तार करने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए पुनर्वास योजना के तहत उन्हें मकान के लिए जमीन और पैसे देने का प्रावधान है। इसका लाभ मिलने से आने वाले दिनों में निश्चित ही अन्य माओवादी भी मुख्यधारा से जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि इस साल वनांचल में निवासरत 200 बैगा युवक युवतियों को भी ओपन परीक्षा का फार्म भरवाए गए, जिसमें अभी तक 140 बच्चों के पास होने की खबर है।

## यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों से निपटने के लिए उच्च न्यायालय में आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन

**बिलासपुर,18 मई 2024 (ए)।** यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों से निपटने के लिए उच्च न्यायालय में आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया गया है। जस्टिस रजनी दुबे को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं हाईकोर्ट में लीगल सेक्रेटरी ओमप्रकाश सिंह चौहान इस समिति का सचिव बनाया गया है। इस संबंध में बिलासपुर हाईकोर्ट द्वारा आदेश और आंतरिक शिकायत समिति के सदस्यों के नामों की सूची जारी की गई है।



### घरौंदा केंद्रों की जांच करेंगे हाई कोर्ट के महाधिवक्ता, भूख से बच्चों की मौत के मामले में दायर की गई है जनहित याचिका

बच्चों के लिए समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित घरौंदा केंद्र में भूख से बच्चों की मौत के बाद दायर जनहित याचिका को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता को निर्देश दिया है कि वह प्रदेश में बच्चों के लिए संचालित घरौंदा केंद्रों का निरीक्षण करें और वस्तुस्थिति से अवगत कराये। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की अवकाशकालीन डिवीजन बेंच में एनजीओ कोपलवाणी की ओर से घरौंदा केंद्रों की बदहाली को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट कमिश्नर अपूर्व त्रिपाठी की ओर से बताया गया कि घरौंदा सेंटर्स में गर्मी से बचाने के लिए कोई इंतजाम भी नहीं किया गया है। वहां साफ-सफाई भी नहीं होती है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यदि बच्चे भीषण गर्मी में बिना कूलर रहेंगे तो क्या हाल होगा? शासन की ओर से इसमें कोई पहल की जानी चाहिए।

## पेट से 10 किलोग्राम का ट्यूमर निकाल बचाई महिला की जान

**बिलासपुर ,18 मई 2024(ए)।** बिलासपुर में सिम्स के डॉक्टरों ने एक महिला की पेट की जटिस सर्जरी कर उसे जीवनदार दिया है। महिला के पेट में 10 किलोग्राम से ज्यादा वजनी ट्यूमर हो गया था, जिसे डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर निकाला है। पीड़ित महिला अस्पताल का चक्कर काट कर जिंदगी से जंग हार चुकी थी और पेट दर्द से परेशान थी। सिम्स अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस नायक ने बताया कि मरीज लगनी बाई पति हरिशंकर (35) चिल्हाटी की रहने वाली है। वह पिछले एक साल से पेट में दर्द से परेशान थी। उसके पेट में सूजन आने लगी, जो लगातार बढ़ रही थी। वह निजी अस्पताल का चक्कर काटकर परेशान हो चुकी थी।



इस दौरान परेशान महिला सिम्स के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में इलाज कराने पहुंची। जांच के दौरान गायनिक डिपार्टमेंट की एचओडी डॉ. संगीता रमन जोगी ने उसका परीक्षण किया और सोनोग्राफी कराई। जांच में पता चला कि महिला के अंडाशय में 10 किलोग्राम से ज्यादा वजनी ट्यूमर हो गया है, जिसके कारण महिला गर्भवती सी लग रही थी।



## जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया

» सुकमा में सुबह-सुबह हुई मुठभेड़...

» शव समेत हथियार बरामद,

» सर्चिंग पर निकली थी फोर्स

**सुकमा,18 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया। इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मामला पोलमपल्ली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि टेटराई- तोलनाई के जंगल में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर डीआरजी जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया था। मुठभेड़ स्थल और आस-पास एरिया की सर्चिंग जारी थी, तभी तड़के डीआरजी जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई।

### नक्सली के शव समेत अन्य सामान बरामद

मुठभेड़ की पुष्टि एसपी किरण चव्हाण ने की है। उन्होंने बताया कि तोलनाई और टेटराई के बीच जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई है। 1 अज्ञात नक्सली का शव, 1 भरमार बंदूक, भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गई है। ज्यादा जानकारी जवानों को लौटने पर ही मिल पाएगी।

### कंपनी कमांडर की हत्या करने वाले दो नक्सली गिरफ्तार

दरभा छसबल कैम्प में पदस्थ कंपनी कमाण्डर की हत्या में शामिल स्मॉल एक्शन टीम के दो नक्सलियों को जैगुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस इन फरार नक्सलियों को कई दिनों से तलाश कर रही थी। पुलिस ने बताया कि छसबल कैम्प दरभा में पदस्थ कंपनी कमाण्डर तिजाउ राम भुआर्य की हत्या में शामिल स्मॉल एक्शन टीम के दो नक्सलियों डीएकेएमएस अध्यक्ष दशरू आरकी नरगोपारा जैगुर व मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर मंगलू कवासी डोंगरापारा जैगुर थाना जांगला को सूचना के आधार पर शुक्रवार को जैगुर से पकड़ा गया।

## संविदा कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं

**रायपुर,18 मई 2024(ए)।** प्रदेश में 403 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट स्कूलों में लगभग पांच हजार संविदा कर्मचारियों को विगत तीन माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है, वहीं इन स्कूलों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन मिल रहा है, जिसको लेकर छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने नवपदस्थ संचालक महोदया दिव्या मिश्रा को पत्र लिखकर तत्काल राशि आंबटित करने की मांग की गई है। श्री पॉल ने बताया कि पांच हजार संविदा कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। शिक्षकों के समक्ष पारिवारिक समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। कई शिक्षकों का बैंक का लोन है, उनके बच्चों के स्कूलों की फीस और घर के अन्य खर्चो को लेकर अब वे चिंतत हो रहे है।




# एक ही परिवार के पांच लोगों की बेरहमी से हत्या

» खौफनाक वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने की खुदकुशी, इलाके में मचा हड़कंप





**सारंगढ़-बिलाईगढ़,18 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ जिले से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। थरगांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की हथौड़ा और टंगिया से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद को फांसी के फंदे से लटका लिया। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. वहीं पुलिस आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हुए हैं.मिली जानकारी के अनुसार, महासमुंद जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर स्थित सलीहा थाना क्षेत्र के ग्राम थरगांव (चादंन) में एक ही परिवार के 5 लोगों की एक आरोपी ने हत्या कर दी। उसके बाद हथियारे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

इस हत्याकांड में मृतकों के नाम हेमलाल, जगमती, मिरा और मिरा के पुत्र सहित दो मासूम हैं. वहीं हत्यारा मनोज साहू उर्फ पप्पू टेलर पड़ोसी बताया जा रहा है।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के एसपी पुष्कर शर्मा ने इस मामले की पुष्टि की है। साथ ही उन्होंने बताया कि पुलिस बल को मौके पर रवाना किया गया है। इस मामले में जांच के बाद ही ज्यादा जानकारी मिल पाएगी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)